

RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | sabsetejprj2023@gmail.com | बुधवार , 10 जून 2026 | वर्षः 04, अंकः 83 पृष्ठः 08, मूल्यः 2 रु. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# मोदी सरकार के 12 वर्षों में गरीब कल्याण-विकास साथ-साथ चले: शाह

## पिछले 12 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की

**नई दिल्ली/एजेंसी**
केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में कल्याणकारी योजनाओं, बुनियादी ढांचे, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। अमित शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि नरेन्द्र मोदी ने आज के ही दिन तीसरी बार लगातार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी।

मोदी के नेतृत्व में इन 12 वर्षों में देश ने पहली बार गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को समांतर रूप से चरितार्थ होते देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना एक दिन का अवकाश लिए निरंतर देश और देशवासियों की सेवा की है। इस अवधि में सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया, देशभर में 90 से अधिक नए हवाई अड्डे और 140 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें शुरू कीं।





## गृह मंत्रालय स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा को आगे बढ़ा रहा: अमित शाह

शाह ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में सीमा प्रबंधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा और बहुआयामी रणनीति के साथ देश की स्थलीय सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस विजन में लैंड पोर्ट्स अथॉरिटी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

उन्होंने कहा कि लैंड पोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम (विनिमय) तैयार करते समय सभी हितधारकों की जरूरतों और सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखा गया है। उनके अनुसार यह प्रणाली स्मार्ट बॉर्डर की अवधारणा के साथ मिलकर अधिक सुरक्षित और मजबूत सीमा प्रबंधन व्यवस्था के निर्माण में सहायक होगी।

शाह के अनुसार, चार करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को पक्के मकान दिए गए, 1.45 लाख किलोमीटर सड़कों तथा 3,000 किलोमीटर से अधिक आधुनिक एक्सप्रेसवे का निर्माण हुआ। गृह मंत्री ने कहा कि 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा कवरेज मिला और 10 करोड़ से अधिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराए गए।

### प्रधानमंत्री फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर जायेंगे, एवियन में होने वाली जी7 शिखर सम्मेलन में लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13-19 जून के बीच फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री फ्रांस के एवियन में आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान वे जी7 नेताओं और आमंत्रित भागीदार देशों तथा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान भी करेंगे। प्रधानमंत्री फ्रांस में 13-14 जून (नीस) और 16-19 जून (एवियन और पेरिस) की आधिकारिक यात्रा करेंगे और बीच में 14-16 जून को स्लोवाकिया की यात्रा करेंगे। यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री 14 जून को नीस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।

## सबसे लंबे कार्यकाल के लिए पीएम को मिल रही विश्व नेताओं की बधाई

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नरेन्द्र मोदी को उनकी उपलब्धियों पर विश्व के नेताओं से बधाई और शुभकामना संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार विश्वभर के नेताओं ने प्रधानमंत्री के परिवर्तनकारी शासन, वैश्विक दक्षिण के लिए उनके प्रयासों और समावेशी एवं आर्थिक रूप से गतिशील भारत के उनके दृष्टिकोण की सराहना की है। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायका ने 8 जून को प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में श्रीलंका सरकार और जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा, यह उपलब्धि न केवल आपके कार्यकाल का प्रमाण है, बल्कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की जनता द्वारा आपके नेतृत्व पर बार-बार जताए गए विश्वास और भरोसे का भी प्रमाण है।

राष्ट्रपति ने भारत के उल्लेखनीय आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन पर भी प्रकाश डाला और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने श्रीलंका सहित भारत की सीमाओं से परे भी कई देशों को प्रेरित किया है।



## प्रधानमंत्री ने कुवैत के अमीर से की बात, पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल-सबा से टेलीफोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की।

प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सुरक्षा स्थिति पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हुए हमलों की भारत की ओर से कड़ी निंदा दोहराई और इस मुद्दे पर गहरी चिंता व्यक्त की।

प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति और स्थिरता की जल्द से जल्द बहाली के लिए तनाव कम करने, बातचीत और कूटनीति की अपील दोहराई। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने कुवैत में रह रहे भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए व्यक्तिगत रूप से ध्यान देने पर अमीर का आभार भी व्यक्त किया।

# हस्ताक्षर विवाद मामले में अभिषेक बनर्जी ने सीआईडी से फिर मांगा अतिरिक्त समय

**कोलकाता/एजेंसी**
तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने हस्ताक्षर विवाद मामले में पूछताछ के लिए सीआईडी द्वारा निर्धारित समयसीमा समाप्त होने से पहले एक बार फिर अतिरिक्त समय की मांग की है। सीआईडी ने उन्हें मंगलवार शाम पांच बजे तक पेश होने का निर्देश दिया था, लेकिन समय सीमा समाप्त होने से पहले ही उन्होंने नया पत्र भेजकर पेशी के लिए और समय देने का अनुरोध किया। सूत्रों के अनुसार, अभिषेक बनर्जी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वह वर्तमान में दिल्ली में हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि हस्ताक्षर विवाद और सीआईडी के नोटिस से जुड़े मामले को लेकर उन्होंने पहले ही अदालत का रुख किया है और मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है।

इसी आधार पर उन्होंने जांच एजेंसी से अतिरिक्त समय की मांग की है।

यह मामला उस कथित हस्ताक्षर विवाद से जुड़ा है, जिसमें आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस विधायकों के हस्ताक्षर वाली एक प्रस्तावित चिट्ठी में कुछ हस्ताक्षर फर्जी तरीके से शामिल किए गए थे।






# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय जुलाई से शुरू करेगा एआई एवं मशीन लर्निंग का कौशल पाठ्यक्रम

## आईबीएम एवं रूट टू रूट्स के मध्य त्रिपक्षीय सहयोग पर की गई चर्चा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में मंगलवार को कृत्रिम मेधा, मशीन लर्निंग कौशल विकास तथा उद्योग-आधारित तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में विश्वविद्यालय, ट्रांसन्यूरो आईबीएम तथा रूट टू रूट्स के प्रतिनिधियों के मध्य प्रस्तावित त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षा, कौशल विकास,उद्योग- अकादमिक सहयोग, रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, डिजिटल प्रौद्योगिकी तथा नवाचार आधारित पाठ्यक्रमों के विकास से संबंधित विषयों पर गहन चर्चा हुई। तीनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को वर्तमान एवं भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करने तथा उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों के लिए तैयार करने पर सहमति व्यक्त की।



अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि प्रस्तावित समझौते के अंतर्गत कृत्रिम मेधा (ए आई), मशीन लर्निंग (एम एल), डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल स्किल्स तथा उद्योगोन्मुख तकनीकी दक्षताओं से संबंधित अल्पकालिक एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। बताया कि विश्वविद्यालय के सक्षम निकायों से अनुमोदन प्राप्त होने के बाद आगामी शैक्षिक सत्र जुलाई 2026 से इन कौशल आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन प्रारंभ करने की योजना है। इन पाठ्यक्रमों में इंटरमीडिएट उत्तीर्ण, स्नातक स्तर के विद्यार्थी तथा तकनीकी कौशल प्राप्त करने के इच्छुक अन्य शिक्षार्थी भी प्रवेश ले सकेंगे।विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि यह त्रिपक्षीय सहयोग उच्च शिक्षा कौशल विकास एवं उद्योग जगत के मध्य एक सशक्त सेतु स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है, जिससे प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में दक्षता प्राप्त करने के साथ-साथ बेहतर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अधिकारियों, शिक्षकों एवं दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित सहयोग के विभिन्न आयामों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए ।

## चार थानों की पुलिस ने चार वारंटी को किया गिरफ्तार








**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी** । एसपी के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा वारण्टी अभियुक्त बाबू लाल पुत्र राम सेवक निवासी ग्राम डूडी रानीपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया गया।

थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा विद्युत अधिनियम थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र धरमपाल निवासी भेलखा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया

थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा विद्युत अधिनियम थाना सराय अकिल से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त महन्त लाल पुत्र शंकर लाल निवासी विरनेर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया।

इसी प्रकार मोहम्मदपुर पैसा पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

## एसपी ने आरक्षी नागरिक पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी** । पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के द्वितीय दिवस के अवसर पर जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं तथा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की सतर्कता का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जा रही है।

## आरक्षी भर्ती परीक्षा-को सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए एसएसपी परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सबसे तेज प्रयागराज**

**बुलंदशहर** । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा परीक्षा के दौरान विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, निष्पक्षता एवं उत्तरदायित्व के साथ ड्यूटी निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतने के निर्देश दिए गए।



परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, चैकिंग, फ्रिस्किंग एवं अन्य सुरक्षा प्रक्रियाओं का परीक्षण कर व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं पार्किंग प्रबंधन की समीक्षा की गई तथा सभी व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर परीक्षा से संबंधित भ्रामक, आपत्तिजनक अथवा अफवाह फैलाने वाली गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा ऐसे मामलों में तत्काल विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## आईजी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी** । पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज अजय कुमार मिश्र द्वारा उत्तर प्रदेश आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के द्वितीय दिवस के अवसर पर जनपद कौशाम्बी के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया तथा परीक्षा के निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन का जायजा लिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## नाबालिग अपहृता सकुशल बरामद, वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर** । पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में देर रात को थाना चांदपुर पुलिस द्वारा अपहरण से संबंधित नाबालिग अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा उक्त अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त रामसरण उर्फ सोनू पुत्र रामबाबू सविता निवासी बड़िगवां थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर मंगलवार को माननीय न्यायालय भेजा गया।

## एडीजी जोन ने फतेहपुर में परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर** । उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने जनपद फतेहपुर का दौरा किया।



एडीजी ज्योति नारायण ने पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित राजकीय इंटर कॉलेज, फतेहपुर परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र के भीतर एवं बाहर तैनात पुलिस बल की व्यवस्था एवं सतर्कता का जायजा लिया गया। अभ्यर्थियों की सघन तलाशी एवं प्रवेश प्रक्रिया की व्यवस्थाओं को परखा गया। परीक्षा केंद्र में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता तथा कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं की जांच की गई। साथ ही केंद्र पर उपलब्ध अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी भौतिक सत्यापन किया गया।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने पर विशेष जोर देते हुए एडीजी श्री ज्योति नारायण ने ड्यूटी पर तैनात समस्त पुलिस कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्र में किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि को कतई बर्दाश्त न किया जाए। केंद्र के बाहर अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने दी जाए तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रखी जाए। अभ्यर्थियों के साथ शालीनतापूर्ण व्यवहार करते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर, क्षेत्राधिकारी थरियांव सहित अन्य अधिकारीगण, परीक्षा केंद्र के कर्मचारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का किया भ्रमण

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज जनपद में आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा के द्वितीय दिवस पर परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया।

जिलाधिकारी ने भ्रमण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया एवं सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता आदि का जायजा लिया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## डीएम ने कुम्हियावां में रामवन गमन मार्ग के कार्यो का निरीक्षण कर लिया जायजा

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज कुम्हियावां में निमार्णाधीन रामवन गमन मार्ग के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति एवं चिन्हित ब्लॉक स्पॉट का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, रामवन गमन मार्ग आर.पी. सिंह ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि कुम्हियावां बाजार की सड़क मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य का आगणन तैयार कर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि 25 जून, 2026 को कुम्हियावां बाईपास (रामवन गमन मार्ग) को यातायात के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे कुम्हियावां बाजार से होकर गुजरने वाले वाहनों की संख्या में कमी आएगी तथा स्थानीय नागरिकों को यातायात जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने से पूर्व कुम्हियावां बाजार में सड़क मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता,रामवन गमन को चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर नियमानुसार सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड दयाशंकर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किशनपुर पुलिस द्वारा 2 वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना किशनपुर पुलिस द्वारा डीपी एक्ट थाना किशनपुर जिला फतेहपुर से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्तगण शम्भु गौतम पुत्र रामकिशन .कैलाश गौतम पुत्र नत्थू निवासीगण रामपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

## पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा चोरी के 2 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान बरामद

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** 22 अप्रैल थाना पश्चिम शरीरा पर रवि कुमार पाण्डेय द्वारा सूचना दी गयी प्राथमिक विद्यालय बरेसा में अज्ञात चोरो द्वारा किचन व स्टोर रूम का ताला तोड़कर रखे बर्तन व गैस सिलेण्डर चोरी कर लिया गया है ।

दिनांक 31 मई को वादी सरीफ पुत्र सलीम निवासी गोराजू थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि भगवतपुर चौराहे पर स्थित मेरी कास्मेटिक की दुकान में दिनांक 28.05.2026 की रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा कास्मेटिक का सामान व रुपए चोरी कर लिया गया है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 101/2026 धारा 305अ/331(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था । 3. दिनांक 31.05.2026 को वादी बनारसी लाल पुत्र इन्दल प्रसाद विश्वकर्मा निवासी




भगवतपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी द्वारा सूचना दी गयी कि भगवतपुर चौराहे पर स्थित मेरी साइकिल की दुकान में रखा गैस सिलेण्डर व साइकिल बनाने का सामान अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है मंगलवार को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस टीम द्वारा आस-पास के लोगो से पूछताछ, सर्विलांस/सीसीटीवी कैमरों की मदद से उपरोक्त चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 वांछित अभियुक्तों अजय कुमार पुत्र दशरथ निवासी देवरी थाना पश्चिम शरीरा . इन्द्रजीत पुत्र नत्थू निवासी ग्राम पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर चांदेराई नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 02 गैस सिलेण्डर, एक बोरी में कास्मेटिक का सामान तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया । विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

## करारी पुलिस द्वारा बिछड़ी हुई मासूम बच्ची को सकुशल परिजनों से मिलाया गया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी** । मंगलवार को थाना करारी क्षेत्रान्तर्गत एक लगभग ढाई वर्षीय बालिका, जो करारी बाजार में अपने परिजनों के साथ आई थी, भीड़-भाड़ के दौरान अपने परिवार से बिछड़ गई। बालिका अपनी कम उम्र के कारण अपना नाम-पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी।

सूचना प्राप्त होने पर थाना करारी पुलिस द्वारा तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बालिका के परिजनों की खोजबीन प्रारम्भ की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों से लगभग एक घंटे के भीतर बालिका के परिजनों का पता लगाकर उसे सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

अपनी बच्ची को सकुशल प्राप्त कर परिजनों द्वारा थाना करारी पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं संवेदनशीलता की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## एक्शन में कौशांबी पुलिस: थाना चरवा में हुई हत्या की घटना का 24 घंटे में खुलासा, तीन गिरफ्तार

**हनुमान प्रसाद शुक्ल**




**कौशांबी।** थाना चरवा क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या की घटना का कौशांबी पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर सफल खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल सहित मृतक का कटा हुआ सिर और मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण के निर्देशन में गठित टीम ने घटना की गहन जांच, साक्ष्यों के संकलन तथा मुखबिर की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हत्या की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर एक तलवार, खुरपी, बिना बेट का फावड़ा तथा कुल्हाड़ी बरामद की गई, जिनका प्रयोग हत्या को अंजाम देने में किया गया था।

गौरतलब है कि चरवा थाना के बारडोली गांव के पास जंगल में एक लावारिस बाइक पड़ी होने की सूचना पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल किया हत्या का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने शव की शिनाख्त बाइक धारक इसी थाना क्षेत्र के ग्राम पंसौर निवासी राजू 30 वर्ष पुत्र देवी दीन के रूप में हुई।

पुलिस ने मृतक का कटा हुआ सिर और उसका मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अंगद पुत्र हुबलाल, लवकुश पुत्र अंगद एवं राजकुमारी पत्नी अंगद निवासी मीरनगर थाना चरवा को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।बरामदगी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया। घटना के खुलासे से क्षेत्र में फैली दहशत और लोगों की चिंता काफी हद तक कम हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं की जांच की गई और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों तक पहुंचा गया। हत्या के पीछे के कारणों की भी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए टीम को बधाई दी है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के सफल 10 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ( ब्यूरो चीफ)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ा में मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के सफल 10 वर्ष पूर्ण होने पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र के अधीक्षक डॉ. मो. सऊद द्वारा फीता काटकर किया गया।इस अवसर पर क्षेत्र से बड़ी संख्या में आई गर्भवती महिलाओं की सेहत की जांच की गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।केंद्र के अधीक्षक डॉ. मो. सऊद की देखरेख में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने केंद्र पर आईं सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया।इसमें महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर और अन्य आवश्यक जांचें निशुल्क की गईं। इसके साथ ही उन्हें गर्भावस्था के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों और समय पर टीका लगवाने के बारे में विस्तार से चिकित्सीय परामर्श दिया गया।कार्यक्रम के दौरान डॉ मो.सऊद ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले 10 वर्षों में इस योजना ने मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। हमारा उद्देश्य हर गर्भवती महिला तक सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है।



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी गर्भवती महिलाओं को केंद्र की तरफ से निशुल्क आवश्यक दवाइयां, आयरन और कैल्शियम की गोलियां वितरित की गईं। इसके साथ ही, महिलाओं को कुपोषण से बचाने और गर्भस्थ शिशु के बेहतर विकास के लिए विशेष पोषण खाद्य सामग्री भी बांटी गई।डॉक्टरों ने महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के फायदे समझाए और सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान प्रभाकर सिंह चंदेल, प्रदीप सिंह, रोहिणी त्रिपाठी, सरोजिनी देवी, शीलम सिंह, रश्मि सिंह, काजल यादव, दीक्षा श्रीवास्तव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को घर-घर पहुंचाकर 2027 की विजय का करें शंखनाद-शाहनवाज हुसैन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन मंगलवार को मिजार्पुर जाते हुए प्रयागराज के नैनी इलाके में रुके। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए श्री हुसैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश और उत्तर प्रदेश आगे बढ़ रहा है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर कार्यकर्ता घर घर जाएं। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार होगी। पार्टी के यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल के नेतृत्व में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा



जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा के नैनी स्थित आवास पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित, संगठन और जनसेवा के प्रति समर्पित है।इन्हीं सबके बल पर पार्टी ने देश की राजनीति में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। कहा, वर्ष 2014 से पूर्व देश निराशा, भ्रष्टाचार और नीतिगत अस्थिरता से जूझ रहा था, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की। उत्तर प्रदेश कानून व्यवस्था, निवेश, बुनियादी ढांचे और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर अभी से बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत करने में जुट जाएं।

शाहनवाज हुसैन ने कार्यकताओं को समझाया कि विपक्षी दल जनता के बीच भ्रम फैलाने और विकास की राजनीति को बाधित करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र करेंगे, लेकिन भाजपा कार्यकताओं को तथ्य और उपलब्धियों के आधार पर जनता को जागरूक करना होगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लगभग एक घंटे तक पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ संगठन से लेकर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।इस दौरान उन्होंने पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे जिला उपाध्यक्ष के पति का कुशलक्षेम भी जाना। तत्पश्चात वे मिजार्पुर के लिए रवाना हो गए।

इस अवसर पर जिला कार्यालय मंत्री आनंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष हरिकृष्ण पांडेय, दिलीप केशरवानी, अभिषेक त्रिपाठी, सत्यम शुक्ला, उमा देवी, प्रमिला, नीतू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हत्या के वांछित अभियुक्त जार्जटाउन पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज** । डीसीपी नगर के निर्देश पर जार्जटाउन पुलिस हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना जार्जटाउन पुलिस द्वारा हत्या से संबंधित वांछित अभियुक्त गोलू भारतीया पुत्र गुलाब चन्द्र भारतीया निवासी वार्ड नं0- 44 पूरा पड़ाइन झोपड़पट्टी थाना दारागंज जनपद प्रयागराज को डाट पुल के नीचे तुलाराम बाग के पास थाना क्षेत्र जार्जटाउन से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

उल्लेखनीय है कि थाना जॉर्जटाउन अंतर्गत दिनांक- 26/07/2025 की रात्रि में हिस्ट्रीशीटर साजन मेहतर की हत्या कर दी गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जार्जटाउन पर प्राप्त तहरीर के आधार उक्त अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमो का गठन किया गया था । अभियोग से सम्बन्धित 06 अभियुक्तों को पूर्व मे गिरफ्तार कर कारागार मे निरुद्ध कराया जा चुका है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

योगेन्द्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी जार्जटाउन. का0 राजीव रंजन. मुख्य आरक्षी चालक राम प्रकाश यादव, थाना जार्जटाउन कमि0 प्रयागराज ।

## खुल्दाबाद पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । थाना खुल्दाबाद पुलिस द्वारा दुष्कर्म से संबंधित वांछित अभियुक्त आदेश यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव निवासी शान्तिनगर झलवा थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को मंगलवार को थाना खुल्दाबाद परिसर से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना शिवकुटी पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त फैजान अहमद पुत्र स्व0 इन्तियाज अहमद निवासी 151 पुरानी मेहदौरी गांव थाना शिवकुटी जनपद प्रयागराज को मंगलवार को एसटीपी मेहदौरी थाना क्षेत्र शिवकुटी से गिरफ्तार किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

## पुलिस अफसरों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा उङ्गप्रङ्ग आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शुचिता के साथ सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु गंगानगर जोन के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं प्रभावी ड्यूटी निर्वहन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन में शोक सभा में मृत पुलिसकर्मी को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**सबसे तेज प्रयागराज**



**कौशांबी।** पुलिस लाइन कौशाम्बी में मृत पुलिसकर्मी को शोक परेड में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक सलामी दी गई। गौरतलब हो कि थाना सैनी में तैनात मुख्य आरक्षी निरंजन कुशवाहा जनपद गाजीपुर के रहने वाले थे एवं 01.10.1984 को आरक्षी के पद पर उ0प्र0 पुलिस में भर्ती हुए थे तथा जनपद प्रतापगढ़ से जनपद कौशाम्बी स्थानांतरण पर आये थे। देर रात्रि को विद्युत करंट की चपेट में आ गए जिससे उनकी दुःखद मृत्यु हो गई।आज पुलिस लाइन कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी सत्यनारायण, अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्रीमती अमिता सिंह व प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन देवपाल सहित पुलिस परिवार के साथियों द्वारा रीत व पुष्प चढ़ाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा मृत पुलिसकर्मी के परिजनों को दुःख की घड़ी में ढ़ांढ़स बंधाते हुए सात्वना दी गई। उन्होने मृतक के परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया तथा अश्वस्त किया की दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस परिवार उनके साथ है।

## मेजा पुलिस ने 8 शातिर पकड़े, 4 भैंस, दो चार पहिया वाहन और 90 हजार रुपए बरामद

### भैंस चोरी के बड़े गिरोह का पदार्फाश, गैंग में सतना, प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़ के लोग शामिल

**सबसे तेज प्रयागराज**




**प्रयागराज।** मेजा थाने की पुलिस ने चोरी गयी 4 भैंस व अन्य चोरी की भैंसो की बिक्री से प्राप्त 90,420 रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त दो चार पहिया वाहन के साथ आठ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मवेशियों के बड़े गिरोह का पदार्फाश किया है।

पकड़े गए आठ अभियुक्तों में राज बहादुर उर्फ अंकुल यादव निवासी ग्राम नया गांव थाना सभापुर जनपद सतना मध्य प्रदेश. जफर अली निवासी ग्राम खूंटी गली नम्बर 1 थाना कोतवाली सीटी जनपद सतना मध्य प्रदेश, मुस्सरफ अली निवासी ग्राम अलीगंज थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी, तौफिक अहमद निवासी ग्राम कर्मा बाजार थाना घूरपुर जनपद प्रयागराज, लल्लू खान निवासी ग्राम ग्राम चकिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ, लालू खान निवासी ग्राम चकिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ, अभिषेक खान निवासी ग्राम नबुदर थाना नौगाव जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश, इसालत खान निवासी चकिया थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ शामिल हैं। चोरी की 4 भैंस व अन्य चोरी की भैंसो के बिक्री से प्राप्त कुल 90,420 रुपये, घटना में प्रयुक्त चार पहिया दो वाहन के साथ भईयाँ पहाड़ी से गिरफ्तार किया गया। कमलेश दूबे निवासी ग्राम हड़गड़ थाना मेजा तहसील मेजा प्रयागराज द्वारा मेजा थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस के अनुसार, 31 मई 2026 की रात्रि 11 बजे अज्ञात चोरो द्वारा गौशाला के गेट का ताला तोडकर 9 भैंस चोरी कर ली गई थी। इस सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय राजनीतिक में नया अध्याय रचा - पतविंदर

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** भाजपा कार्यकताओं ने नंदन तालाब मोहल्ले में भव्य उत्सव मनाया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह ने कहा कि देश के संसदीय लोकतंत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मील का पत्थर कायम कर दिया है। श्री मोदी लगातार सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले देश के पहले राजनेता बन गए हैं। मोदी ने 26 में 2014 को प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी वह सत्ता में लगातार 12 साल पूरा कर चुके हैं। मोदी पहले ऐसे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने लगातार दो पूर्ण बहुमत वाले कार्यकाल पूरे किए और सत्ता में रहते हुए लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीते। कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख व भाजपा उपाध्यक्ष किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव ने कहा कि 4399 दिन का कार्यकाल पूरा कर मोदी ने रिकॉर्ड बनाया प्रधानमंत्री मोदी की ये उपलब्धि भारत के बढ़ते हुए वैश्विक जुड़ाव और कूटनीतिक पहुंच को दशार्ता है। भाजपा नेता के.के.शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीतिक में एक नया अध्याय रच दिया।

इस अवसर पर महामंत्री सोमेश्वर नाथ मंडल, डॉ सुभाष कुशवाहा,पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी,बाबूजी यादव, विकास श्रीवास्तव, शिवम, अभिषेक, सोमेश त्रिपाठी,लकी सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## वीर हनुमान पीठ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को निशुल्क शरबत वितरण कराया

**सबसे तेज प्रयागराज**



**प्रयागराज।** संगम क्षेत्र के सीताराम मंदिर में मंगलवार को वीर हनुमान पीस ट्रस्ट द्वारा श्रद्धालुओं को निशुल्क शरबत पिलाकर भीषण गर्मी से राहत दिलायी। वृंदावन धाम से पधारे स्वामी अनंत केशवाचार्य वृंदावन धाम ने बताया कि प्रयागराज संगम क्षेत्र में 2 महीने से लगातार श्रद्धालुओं के लिए भीषण गर्मी में शुद्ध पेयजल नियमित कराकर शरबत वितरण कराया जा रहा है। उन्होंने संगम क्षेत्र को वृंदावन धाम बनाने का संकल्प लिया है, तीरथ क्षेत्र के रूप में चारों धाम बनाया जाए जिससे एक श्रद्धालु यहां पर द्वादश माधव के दर्शन कर सके। 15 जून को विशाल भंडारे का आयोजन कराया गया है। उन्होंने सभी साधु संतों को आमंत्रित किया है। शरबत वितरण कार्यक्रम में मंहत रघुनाथचार्य, स्वामी जयंती योगी महाराज, रामबाबू तिवारी, नीतीश पांडेय, श्याम शुक्ला ,जितेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्तिकरण को समर्पित रहे मोदी सरकार के 12 वर्ष : पंकज चौधरी

**कानपुर।** पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

## बाल सुधार गृह में बच्चों के जरूरत के सामान बाट कर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का जन्मदिन प्रत्येक वर्ष की भांति सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जिलाध्यक्ष लालू मित्तल ने बताया कि प्रतिवर्ष गरीबों को भोजन, अनाथालय, पुष्पाश्रम, कुष्ठ आश्रम, मैं सेवा कार्य किया जाता रहा है, परन्तु इस वर्ष राजकीय बाल सुधार गृह में नाबालिग बच्चों को हस्तकला, पेंटिंग लकड़ी के सामान बनाने का प्रशिक्षण देकर नाबालिग बच्चों को स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि यहां से निकलने के बाद वह समाज में सम्मानपूर्वक अपनी मेहनत परिश्रम योग्यता से स्वावलंबी बनकर जीवन यापन करें और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें क्योंकि यही युवा राष्ट्र का भविष्य है जाने अनजाने,आवेश में आकर किया गया अपराध, अपराध की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। माननीय




जिला न्यायाधीश, न्यायिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में उपहार फल बिस्किट वितरित किए ।

महिला जिलाध्यक्ष रत्ना जायसवाल ने कहा कि किन्हीं परिस्थितियों में अनायास में अपराध हो जाने के कारण बाल सुधार गृह में सरकार के संरक्षण में उपस्थित बच्चे भविष्य में किसी अपराध में दोबारा ना लिप्त हों,इसके लिए उनकी काउंसलिंग की गई। गंगापार जिलाध्यक्ष राजेंद्र केशरवानी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता ने अपनी तरफ से क्राफ्ट ,गिफ्ट के सारे समान खरीदने का आश्वासन दिया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय अवस्थी ने बच्चों के लिए उपहार भेजे। महानगर अध्यक्ष अनिमेष अग्रवाल ने इसे एक अनूठी पहल बताया।

जिला न्यायाधीश ने मोटिवेट किया और उन्हें भविष्य में किसी भी अपराध में न लिप्त होने का मार्गदर्शन दिया।

सेवा संकल्प दिवस के अवसर पर बाल सुधार गृह को फूलों गुब्बारे से सजाया गया एवं बच्चों को फल बिस्कुट वितरित करके राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के दीघार्यु होने की कामना की। सेवा कार्य में संगठन के अनेक व्यापारी उपस्थित रहे, जिसमें प्रमुख रूप से सुधा त्रिपाठी,, मीनू गुप्ता उषा केसरवानी केसरवानी , रूबी केसरवानी, श्वेता मित्तल, शिवानी जैसवाल उमाशंकर केसरी, राजकुमार उपस्थित रहे ।क्षेत्रीय प्रभारी विपिन गुप्ता ने बाल सुधार गृह के कर्मचारियों को धन्यवाद, आभार प्रकट किया। बाल सुधार गृह के अधीक्षक राकेश चौरसिया ने संगठन का आभार प्रकट किया। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शाहगंज इलेक्ट्रॉनिक मार्केट में हलुआ, फल, कोल्ड ड्रिंक वितरण किया गया।

## गंगा नहाने गए चार लड़के डूबे, दो सगे भाई की मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज** । औद्योगिक थाना क्षेत्र के मनैया घाट पर मंगलवार सुबह गंगा नहाने के दौरान चार लड़के डूबने लगे। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने छलांग लगाकर दो लड़कों को बचा लिया, लेकिन दो सगे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के आग्रह पर पुलिस ने बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही पंचनामा भरकर दोनों शव सौंप दिया।

सल्दी का पुरा गांव निवासी राजेंद्र यादव मुंबई में गाड़ी चलाने का काम करते है। जबकि, गांव में पत्नी ममता और तीन बेटे राजन, अभिषेक और अनुराग रहते थे। मंगलवार सुबह करीब नौ बजे 16 वर्षीय राजन व 13 वर्षीय अभिषेक अपने चचेरे भाई पंकज यादव और फुफेरा भाई शनि यादव के साथ मनैया घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। अचानक गहरे पानी में जाने से राजन, अभिषेक और शनि डूबने लगे। पंकज ने तीनों को बचाने का प्रयास किया, तो वह भी डूबने लगा। चीख पुकार



सुनकर घाट के पास मौजूद लोगों ने छलांग लगाकर शनि और पंकज को बचा लिया, लेकिन राजन व अभिषेक डूब गए। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से दोनों सगे भाइयों के शव को बाहर निकाला।

घटनास्थल पर परिजन भी रोते बिलखते पहुंच गए। मां ममता और छोटा भाई अनुराग समेत परिवार के




अन्य सदस्यों का बुरा हाल रहा। राजेंद्र यादव का बड़ा बेटा राजन कक्षा आठवीं और और छोटा बेटा अभिषेक कक्षा छठवीं में जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर में पढ़ाई करते थे। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि मृतकों के परिजनों के आग्रह पर शव को बिना पोस्टमार्टम कराए सुपुर्द कर दिया गया।

## महाराष्ट्र पुलिस का गौराबादशाहपुर के ज्वेलरी शोरूम पर छापा, संचालक को हिरासत में लेकर गई टीम

**जौनपुर,** यूपी के जौनपुर में गौराबादशाहपुर नगर पंचायत के बारी रोड स्थित एक प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम पर मंगलवार शाम को महाराष्ट्र पुलिस की टीम ने छापेमारी कर क्षेत्र में सनसनी फैला दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दुकान के संचालक को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।

मंगलवार अपराह्न करीब चार बजे महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम हथकड़ी लगे एक व्यक्ति को साथ लेकर मोहन सेठ सुजीत ज्वेलर्स पहुंची। पुलिस ने दुकान में प्रवेश करते ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और बाहरी लोगों तथा मीडिया कर्मियों को मौके से दूर रखा गया।पुलिस टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक दुकान के भीतर गहन जांच और पूछताछ की। इस दौरान दुकान के अभिलेखों एवं अन्य सामग्री की भी जांच की गई। शाम करीब साढ़े पांच बजे जांच पूरी होने के बाद पुलिस टीम दुकान के संचालक सुजीत सेठ को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। हालांकि, छापेमारी के दौरान क्या बरामद हुआ और यह कार्रवाई किस मामले से संबंधित है, इसका खुलासा अभी नहीं हो सका है। मामले को लेकर स्थानीय स्तर पर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं।इस संबंध में गौराबादशाहपुर थाना प्रभारी गंगासागर मिश्रा ने बताया कि महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई उनके संज्ञान में है। उन्होंने कहा कि जांच अभी जारी है, इसलिए फिलहाल मामले के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा करना संभव नहीं है। पुलिस की इस कार्रवाई के पीछे के कारणों का खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

## पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा का डीएम और एडिशनल सीपी ने किया निरीक्षण, दिए -निर्देश

**प्रयागराज** । डीएम मनीष कुमार वर्मा ने अपर पुलिस आयुक्त अजय पाल शर्मा के साथ उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 08 ,09 व 10जून 2026 आयोजित की जा रही लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत परीक्षा के द्वितीय दिवस पर मंगलवार को अग्रसेन इंटर कॉलेज, प्रयाग महिला विद्यापीठ इंटर कॉलेज सहित अन्य विद्यालयों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेश की व्यवस्था, पहचान सत्यापन प्रक्रिया, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध, बैठने की व्यवस्था, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा कक्षों में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस



भर्ती परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा संदिग्ध गतिविधि किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, अभ्यर्थियों की सघन जांच तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर कैमरो के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग को भी देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा संचालन संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा परीक्षा में तैनात कार्मिकों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से परीक्षा के सफल एवं सकुशल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# संपादकीय

## राहुल गांधी का 20 साल पुराना सपना,

भारतीय राजनीति के सबसे पुराने दल कांग्रेस के भीतर इन दिनों एक खामोश लेकिन बेहद गहरा बदलाव आकार ले रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि इसके पीछे दो दशकों की एक लंबी राजनीतिक तपस्या और जिद छिपी है। साल 2004 में जब राहुल गांधी ने सक्रिय राजनीति में कदम रखा था, तब से उनका एक सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट था कांग्रेस का सांगठनिक कायाकल्प और जनरेशन चेंज यानी पीढ़ीगत बदलाव। वह कांग्रेस को पार्टी के उन बुजुर्ग और ड्राइंग रूम पॉलिटिक्स करने वाले नेताओं के चंगुल से बाहर निकालना चाहते थे, जो सिर्फ बंद कमरों में नीतियां बनाते थे। राहुल का सपना एक ऐसी युवा, आक्रामक और जमीन पर चौबीसों घंटे लड़ने वाली पार्टी तैयार करना था, जो सीधे जनता के बीच खड़ी दिखे। शुरूआती दौर में राहुल गांधी का यह सियासी प्रयोग पुराने दिग्गजों (ओल्ड गार्ड) के कड़े विरोध, अंदरूनी खींचतान और सोनिया गांधी के दरबार में बुजुर्ग नेताओं के वीटो पावर के चलते परवान नहीं चढ़ सका था। लेकिन आज की तारीख में कांग्रेस के भीतर जो फैसले लिए जा रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि राहुल गांधी का 20 साल पुराना यह सपना अब हकीकत में बदलने लगा है।

इस पीढ़ीगत बदलाव की सबसे ताजा और दमदार बानगी हालिया राज्यसभा चुनावों के टिकट वितरण में देखने को मिली है। कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए अपने जिन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है, उनमें पुराने और पारंपरिक चेहरों को दरकिनार कर पूरी तरह संगठन और राहुल गांधी के करीबियों पर भरोसा जताया गया है। कर्नाटक से स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ पवन खेड़ा और मंसूर अली खान को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाना इसी रणनीति का हिस्सा है। मध्य प्रदेश से मीनाक्षी नटराजन, राजस्थान से नीरज डांगी, तमिलनाडु से प्रवीण चक्रवर्ती और झारखंड से प्रणव झा को राज्यसभा का टिकट दिया गया है। ये सभी नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं और इन्हें राहुल गांधी की कोर टीम का हिस्सा माना जाता है। प्रवीण चक्रवर्ती को राहुल का बेहद करीबी रणनीतिकार माना जाता है, जो पार्टी के प्रोफेशनल कांग्रेस और डेटा विभाग के प्रमुख के तौर पर आर्थिक व तकनीकी मामलों को देखते हैं। अभिनेता से नेता बने सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके के साथ तमिलनाडु में कांग्रेस का गठबंधन कराने में भी उनकी अग्रणी भूमिका रही थी। इसी तरह, राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा कांग्रेस अध्यक्ष कार्यालय का कामकाज संभालते हैं, जबकि पवन खेड़ा अपनी मुखर आवाज से टीवी डिबेट्स में सरकार को फ्रंटफुट पर घेरने के लिए जाने जाते हैं। राहुल गांधी ने पवन खेड़ा को कर्नाटक जैसी सुरक्षित सीट से उच्च सदन भेजकर पूरे कैडर को एक साफ संदेश दिया है कि जो जमीन पर लड़ेगा, उसे उसका हक और इनाम जरूर मिलेगा।

यह बदलाव सिर्फ दिल्ली के गलियारों या राज्यसभा के टिकटों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्यों की सत्ता और कमान सौंपने में भी राहुल गांधी की पसंद साफ दिखाई दे रही है। केरल में कांग्रेस ने 69 साल के रमेश चैन्निथला और 64 साल के केसी वेणुगोपाल जैसे कद्दावर नेताओं को नजरअंदाज कर 61 साल के वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी। इतना ही नहीं, केरल की नई सरकार के मंत्रिमंडल में 50 फीसदी मंत्रियों की उम्र 50 साल से कम रखकर युवाओं को तरजीह दी गई। इसी तरह का एक बड़ा और साहसिक प्रयोग कर्नाटक में देखने को मिला। वहां 77 साल के सिद्धारमैया की जगह 64 साल के आक्रामक और संकटमोचक नेता डीके शिवकुमार की ताजपोशी की गई। कर्नाटक जैसे राज्य में जहां सामाजिक और जातीय समीकरण बेहद जटिल हैं, वहां नेतृत्व परिवर्तन करना एक बड़ी चुनौती थी। सिद्धारमैया ओबीसी (कुरुबा) समुदाय से आते हैं, जिन्हें नाराज करने का जोखिम कोई दल नहीं उठाना चाहता। लेकिन कांग्रेस ने राजनीतिक रूप से ताकतवर वोक्कालिगा जाति के डीके शिवकुमार पर दांव लगाया और संतुलन बनाए रखने के लिए ओबीसी समुदाय से आने वाले जी परमेश्वर को डिप्टी सीएम और बीके हरिप्रसाद को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी। साथ ही, कैबिनेट में मल्लिकार्जुन खरगे और सिद्धारमैया के बेटों को जगह देकर भविष्य की लीडरशिप की राह भी खोल दी गई। इसी फेहरिस्त में तेलंगाना की कमान 56 साल के युवा और ऊर्जावान नेता रेवंत रेड्डी को सौंपना और हिमाचल प्रदेश में 62 साल के सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री बनाना यह साबित करता है कि अब राज्यों में ओल्ड गार्ड को राष्ट्रीय भूमिकाओं में भेजकर नई पीढ़ी को आगे किया जा रहा है।

देखा जाए तो कांग्रेस में यह जेनरेशनल शिफ्ट करीब दो दशक बाद देखने को मिल रहा है। कुछ समय पहले जब बीजेपी में पीढ़ीगत बदलाव के तहत नेतृत्व में नए चेहरे सामने आए थे, तब कांग्रेस के बुजुर्ग नेतृत्व को लेकर काफी आलोचनाएं होती थीं। लेकिन अब कांग्रेस अपनी राजनीतिक सीमाओं के भीतर रहते हुए इस ढर्रे को पूरी तरह बदल चुकी है। पहले राज्यों के बड़े फैसले वहां के क्षत्रप लिया करते थे, लेकिन अब हाईकमान ने संगठन के लोकतांत्रीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। प्रादेशिक और जिला संगठनों में राहुल गांधी की यूथ कांग्रेस वाली मूल टीम के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां दी जा रही हैं।

# मिलावट-मुक्त भारत से ही विकसित भारत संभव

**ललित गर्ग**

हर वर्ष 7 जून को मनाया जाने वाला विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस केवल सुरक्षित भोजन की आवश्यकता का स्मरण कराने वाला दिवस नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, आर्थिक समृद्धि और सतत विकास के लिए एक वैश्विक संकल्प का अवसर भी है। वर्ष 2026 की थीम खाद्य सुरक्षाः विज्ञान की सक्रिय भूमिका इस बात पर बल देती है कि विज्ञान, अनुसंधान, तकनीक और प्रभावी निगरानी प्रणालियों के माध्यम से ही सुरक्षित खाद्य व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। लेकिन विडम्बना यह है कि भारत जैसे विशाल कृषि प्रधान देश में खाद्य पदार्थों, दवाइयों और दैनिक उपभोग की वस्तुओं में बढ़ती मिलावट इस लक्ष्य को गंभीर चुनौती दे रही है। मिलावट केवल खाद्य सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, यह राष्ट्र के स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, नैतिकता और वैश्विक प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। जिस देश को विश्वगुरु और विकसित भारत बनने का सपना है, वहां यदि दूध, घी, मावा, मसाले, अनाज, मिठाइयां, फल-सब्जियां और यहां तक कि जीवनरक्षक दवाइयां भी मिलावट की शिकार हों, तो यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है।भारत में मिलावट का कारोबार आज एक संगठित आर्थिक अपराध का रूप ले चुका है। दूध में डिटर्जेंट, यूरिया और सिंथेटिक रसायनों का प्रयोग, मावे में स्टार्च और रासायनिक पदार्थों की मिलावट, मसालों में रंग और धूल, शहद में चीनी सिरप, खाद्य तेलों में सस्ते तेलों का मिश्रण तथा फलों और सब्जियों को कृत्रिम रसायनों से पकाना आम बात हो गई है। बाजार में बिकने वाले अनेक उत्पाद देखने में आकर्षक होते हैं, लेकिन भीतर



से विषैले सिद्ध होते हैं। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब दवाइयों में मिलावट या नकली दवाओं का मामला सामने आता है। पिछले वर्षों में विभिन्न राज्यों में नकली अथवा घटिया दवाओं के सेवन से अनेक लोगों की मृत्यु और गंभीर स्वास्थ्य संकट की घटनाएं सामने आईं। राजस्थान के कोटा सहित कई स्थानों पर ऐसी खबरों ने पूरे देश को झकझोर दिया। जब जीवन बचाने वाली दवा ही मौत का कारण बनने लगे, तब यह केवल स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।

मिलावट का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। कैंसर, किडनी रोग, हृदय रोग, यकृत संबंधी विकार, हार्मोन असंतुलन, बच्चों में कुपोषण, महिलाओं में स्वास्थ्य समस्याएं तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी अनेक गंभीर समस्याओं का संबंध दूषित एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों से जुड़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार असुरक्षित भोजन के कारण हर वर्ष करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं। भारत में भी स्वास्थ्य पर पड़ने वाला यह बोझ लगातार बढ़ रहा है। किन्तु मिलावट का संकट केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह देश की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रहार करता है। जब किसी देश के खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता संदिग्ध हो जाती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। निर्यात घटता है, विदेशी निवेश प्रभावित होता है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में देश पिछड़ जाता है। भारत कृषि उत्पादों और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का एक बड़ा केंद्र बन सकता है, लेकिन मिलावट की समस्या उसकी संभावनाओं पर ग्रहण लगा रही है। इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि मिलावट सामाजिक मूल्यों के क्षरण का प्रतीक बनती जा रही है। कुछ लोग त्वरित लाभ और अधिक मुनाफे की लालसा में दूसरों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह केवल आर्थिक भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि नैतिक पतन का भी संकेत है। जब समाज में ईमानदारी और उत्तरदायित्व की भावना कमजोर पड़ती है, तब ऐसे अपराध फलने-फूलने लगते हैं। सरकारों ने समय-समय पर खाद्य सुरक्षा और मानक कानून बनाए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) सहित अनेक संस्थाएं निगरानी और परीक्षण का कार्य करती हैं। फिर भी जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, निरीक्षण तंत्र की कमजोरी और कानूनी प्रक्रियाओं की धीमी गति मिलावट के विरुद्ध अभियान को प्रभावी नहीं बनने देती। अनेक मामलों में दोषियों को दंड मिलने में वर्षों लग जाते हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं।

आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें कठोरता और पारदर्शिता के साथ लागू करने की है। खाद्य पदार्थों की नियमित जांच, आधुनिक प्रयोगशालाओं का विस्तार, डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली, त्वरित न्याय व्यवस्था और दोषियों के लिए कठोर दंड आवश्यक हैं। मिलावट को सामान्य आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के विरुद्ध गंभीर अपराध माना जाना चाहिए। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2026 की थीम विज्ञान की भूमिका पर जोर देती है। विज्ञान और तकनीक मिलावट के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार बन सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन आधारित आपूर्ति श्रृंखला, आधुनिक परीक्षण तकनीक, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब तथा उपभोक्ता जागरूकता एप्लिकेशन खाद्य सुरक्षा को नई दिशा दे सकते हैं। वैज्ञानिक निगरानी से उत्पादन से लेकर उपभोग तक हर चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है। लेकिन केवल सरकार या विज्ञान ही इस समस्या का समाधान नहीं कर सकते। समाज और उपभोक्ताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जागरूक नागरिकों को संदिग्ध उत्पादों की शिकायत करनी चाहिए, प्रमाणित उत्पादों का उपयोग करना चाहिए तथा स्थानीय स्तर पर खाद्य सुरक्षा के प्रति जनजागरण अभियान चलाने चाहिए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को भी इस विषय को सामाजिक आंदोलन का रूप देना होगा।भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर यदि हम वास्तव में एक विकसित, स्वस्थ और सम्मानित भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो मिलावट-मुक्त भारत को राष्ट्रीय अभियान बनाना होगा। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने जनभागीदारी से व्यापक परिवर्तन लाया, उसी प्रकार मिलावट के विरुद्ध भी राष्ट्रीय चेतना का निर्माण आवश्यक है। भारत की पहचान योग, आयुर्वेद, शुद्ध आहार, नैतिक जीवन-मूल्यों और सर्वे भवन्तु सुखिनः की संस्कृति से रही है। यह पहचान तभी सार्थक होगी जब हमारे भोजन, दवाइयों और उपभोग की वस्तुओं में शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। एक ऐसा भारत, जहां भोजन विश्वास का प्रतीक हो, जहां दवा जीवन का संरक्षण करे, जहां व्यापार नैतिकता पर आधारित हो और जहां उपभोक्ता निश्चिंत होकर बाजार से वस्तुएं खरीद सके-वही विकसित भारत का वास्तविक स्वरूप होगा। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हमें यह संदेश देता है कि सुरक्षित भोजन केवल स्वास्थ्य का अधिकार नहीं, बल्कि मानव गरिमा और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला है। यदि हम आज मिलावट के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का संकल्प लें, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भारत दे सकते हैं। शुद्ध आहार, स्वस्थ परिवार, मिलावट-मुक्त भारत, विकसित भारत का आधार, यही 2047 के विकसित भारत की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम होगा और यही विश्व समुदाय के समक्ष भारत को एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा।

# बिना किसी पहचान के नायक: जिन्होंने संकट में मानवता को बचाए रखा

**सुनील कुमार महला**

इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म कहा जाता है, और हाल ही में मीडिया की सुर्खियों में आई एक घटना ने इस सत्य को फिर से प्रमाणित किया है।पाठक जानते होंगे कि दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में 3 जून 2026, बुधवार को सुबह लगभग 9:45 बजे भीषण आग लग गई, जिसमें 21 लोगों की जान चली गई। मृतकों में 11 विदेशी नागरिक भी शामिल थे, जिनमें से अधिकांश अपने रिश्तेदारों के इलाज के लिए दिल्ली आए थे और उसी होटल में ठहरे हुए थे। इस दुखद घटना के दौरान एक तस्वीर ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। तस्वीर में कई लोग होटल की ऊंचाई से सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर कूदकर अपनी जान बचाते दिखाई दिए। मीडिया में प्रकाशित समाचारों के अनुसार यह साहसिक और सूझबूझ भरा कार्य होटल के ठीक सामने गद्दों की दुकान चलाने वाले रियाजुद्दीन मंसूरी और उनके बेटे अरमान मंसूरी ने किया था। आग की भयावहता को देखते हुए उन्होंने तुरंत अपनी दुकान के गद्दे सड़क पर बिछा दिए, जिससे होटल में फंसे लोग उन पर कूदकर सुरक्षित बाहर निकल सके।उपलब्ध जानकारी के अनुसार सड़क पर बिछाए गए गद्दों पर एक बार में सात से आठ लोगों ने छलांग लगाई, जबकि बाद में यह संख्या बढ़कर बारह से पंद्रह लोगों तक पहुंच गई। इस प्रयास से कई लोगों की जान बच गई। रियाजुद्दीन और उनके बेटे ने केवल इतना ही नहीं किया, बल्कि उन्होंने घायलों को बाहर निकालने में भी सहायता की और उन्हें अस्पताल भिजवाने के लिए चादरें तथा अन्य आवश्यक कपड़े उपलब्ध कराए। यहां तक कि एंबुलेंस से शव ले जाने के लिए भी उन्होंने बेडशीट और रजाइयों के कवर दिए। इस मानवीय कार्य के दौरान उनकी दुकान का काफी सामान नष्ट हो गया। हालांकि, इस



लेख के लिखे जाने तक उनके नुकसान की भरपाई के लिए प्रशासन की ओर से कोई सहायता नहीं मिली थी। इसके बावजूद रियाजुद्दीन मंसूरी इस बात से संतुष्ट हैं कि उन्होंने संकट की घड़ी में लोगों की जान बचाने में योगदान दिया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा, आग देखकर जब हमें लगा कि शायद लोग नहीं बच पाएंगे, तो हमने अपनी दुकान के गद्दे रोड पर बिछा दिए। उस पर एक बार में सात से आठ लोग कूदे। फिर उनकी संख्या बढ़कर 12 से 15 हो गई। ये सब सुरक्षित बच गए। फिर हमने एंबुलेंस से बॉडी ले जाने के लिए भी बेड-शीट और रजाई के कवर दिए। मदद का सुकून है, पर दुकान के माल की भरपाई के लिए कोई नहीं आया। रियाजुद्दीन मंसूरी ने यह भी बताया कि यदि होटल का दूसरा निकास द्वार खुला होता, तो और अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इस दुर्घटना के दौरान मालवीय नगर थाने में तैनात हवलदारों और सिपाहियों ने भी राहत एवं बचाव अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए लगातार प्रयास किए, यह सराहनीय है। दिल्ली की इस भीषण आग के दौरान जो दृश्य सामने आए, वे इस बात का जीवंत प्रमाण हैं कि आज के स्वार्थ और भागदौड़ से भरे युग में भी इंसानियत पूरी तरह जीवित है। संकट के समय कुछ लोगों द्वारा दिखाया गया साहस, संवेदनशीलता और निःस्वार्थ सेवा मानवता की सर्वोच्च भावना को अभिव्यक्त करता है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी कहा है-वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे, यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप ही आप चरे। ईश्वर ने मनुष्य को इस धरती का सबसे विवेकशील प्राणी बनाया है। इसलिए केवल अपने स्वार्थ, भोजन और संग्रह के लिए जीवन व्यतीत करना पशु-प्रवृत्ति के समान है। मानव जीवन का उद्देश्य इससे कहीं अधिक व्यापक और उच्च होना चाहिए। जब मनुष्य अपने विवेक को भूलकर अभिमान और अहंकार के प्रभाव में जीने लगता है, तब वह पतन के मार्ग पर अग्रसर हो जाता है। आपदाएं और विपरीत परिस्थितियां पलभर में मनुष्य को उसकी सीमाओं और बेबसी का एहसास करा देती हैं।

वास्तव में संसार में इंसानियत से बड़ा कोई धर्म, मजहब या आस्था नहीं है। सच्चा मनुष्य वही है जो बिना किसी भेदभाव के संकट में फंसे लोगों की सहायता करे और उनके दुःख को अपना दुःख समझे। परोपकार, करुणा, सहानुभूति और सेवा की भावना ही मानव जीवन को सार्थक बनाती है। दिल्ली की यह घटना हमें याद दिलाती है कि मानवता आज भी जीवित है और यही मानव सभ्यता की सबसे बड़ी शक्ति है।

# जब मौत बन जाए सोशल मीडिया का कंटेंट

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हाल के दिनों में एक मासूम बच्चे की निर्मम हत्या और हांसी में एक दुकानदार की दर्दनाक हत्या से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से पोस्ट और शेयर किए जा रहे हैं। इन वीडियो की एक झलक मात्र ही किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की रूह कंपा देने के लिए पर्याप्त है। पूरे वीडियो को देखने की हिम्मत बहुत कम लोग जुटा पा रहे हैं। जो भी इन्हें देख रहा है, वह उनकी भयावहता और अमानवीयता से विचलित हो रहा है। ऐसे वीडियो में न कोई संदेश है, न कोई सकारात्मक उद्देश्य, बल्कि केवल पीड़ा, भय और मानसिक असहजता है। इसलिए यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या सोशल मीडिया पर ऐसी सामग्री का खुलेआम प्रसार उचित है और क्या प्लेटफॉर्म्स को इसे तुरंत हटाने की जिम्मेदारी नहीं निभानी चाहिए?

डिजिटल युग में सूचना का आदान-प्रदान पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज हो गया है। कोई भी घटना कुछ ही मिनटों में लाखों लोगों तक पहुँच जाती है। यह तकनीक का सकारात्मक पक्ष है, क्योंकि इससे लोगों को त्वरित जानकारी मिलती है। लेकिन जब इसी तकनीक का उपयोग किसी की हत्या, दुर्घटना या व्यक्तिगत त्रासदी के भयावह दृश्यों को फैलाने के लिए होने लगे, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सूचना और सनसनी के बीच एक स्पष्ट अंतर होता है। किसी घटना की जानकारी देना आवश्यक हो सकता है, लेकिन उस घटना के वीभत्स दृश्यों को बार-बार प्रसारित करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं कहा जा सकता।

जब किसी बच्चे की हत्या होती है या किसी व्यक्ति को बेरहमी से मार दिया जाता है, तब वह केवल एक खबर नहीं होती। उसके पीछे एक परिवार का दर्द, असंख्य टूटे हुए सपने और जीवनभर का दुःख छिपा होता है। ऐसे वीडियो वायरल होने पर पीड़ित परिवारों की पीड़ा और बढ़ जाती है। वे लोग जो पहले से ही अपनों को खोने के सदमे में होते हैं, उन्हें बार-बार वही दृश्य सोशल मीडिया पर देखने पड़ते हैं। यह उनके लिए मानसिक यातना से कम नहीं है। किसी भी सभ्य समाज में मृतक और उसके परिवार की गरिमा का सम्मान किया जाना चाहिए, लेकिन वायरल संस्कृति ने कई बार इस संवेदनशीलता को पीछे छोड़ दिया है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ वायरल होने की होड़ भी बढ़ी है। अधिक लाइक, व्यूज, शेयर और फॉलोअर्स पाने की चाह में कई लोग बिना किसी नैतिक विचार के ऐसी सामग्री साझा कर देते हैं। कई बार लोग यह कहकर वीडियो पोस्ट करते हैं कि वे सच्चाई दिखा रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह होती है कि वे अनजाने या जानबूझकर एक दर्दनाक घटना को डिजिटल तमाशे में बदल रहे होते हैं। किसी की मृत्यु या पीड़ा को लोकप्रियता प्राप्त करने का माध्यम बनाना न केवल असंवेदनशीलता का परिचायक है, बल्कि सामाजिक मूल्यों के क्षरण का भी संकेत है।

मनोवैज्ञानिक दृष्टि से भी ऐसे वीडियो बेहद हानिकारक होते हैं। हिंसक और रक्तरंजित दृश्य देखने से लोगों में तनाव, भय, चिंता और मानसिक बेचैनी बढ़ सकती है। कई संवेदनशील व्यक्तियों को लंबे समय तक ऐसे दृश्य परेशान करते रहते हैं। बच्चों और किशोरों पर इसका प्रभाव और भी गंभीर हो सकता है। वे या तो अत्यधिक भयभीत हो सकते हैं या फिर हिंसा को सामान्य व्यवहार के रूप में स्वीकार करने लगते हैं। इंटरनेट की खुली दुनिया में यह सुनिश्चित करना लगभग असंभव है कि ऐसे वीडियो केवल वयस्कों तक ही सीमित रहें। इसलिए इनका अनियंत्रित प्रसार समाज के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है।

एक और गंभीर समस्या यह है कि लगातार हिंसक सामग्री देखने से लोगों में संवेदनहीनता बढ़ने लगती है। जो दृश्य पहले मन को झकझोर देते थे, वे धीरे-धीरे सामान्य लगने लगते हैं। बार-बार हत्या, दुर्घटना और रक्तपात के दृश्य देखने से मनुष्य के भीतर करुणा और सहानुभूति की भावना कमजोर पड़ सकती है। यह किसी भी समाज के लिए शुभ संकेत नहीं है। एक स्वस्थ समाज की पहचान उसकी संवेदनशीलता होती है। यदि लोग दूसरों के दुःख को महसूस करना छोड़ दें, तो सामाजिक संबंधों और मानवीय मूल्यों की नींव कमजोर होने लगती है।

यहाँ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की जिम्मेदारी भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स, यूट्यूब और अन्य डिजिटल मंचों के पास आधुनिक तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के ऐसे साधन उपलब्ध हैं, जिनकी मदद से हिंसक सामग्री की पहचान की जा सकती है। फिर भी अनेक भयावह वीडियो घंटों और कभी-कभी दिनों तक प्लेटफॉर्म पर बने रहते हैं और लाखों लोगों तक पहुँच जाते हैं। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है। जिन वीडियो में हत्या, गंभीर हिंसा या बच्चों के विरुद्ध अपराध के दृश्य हों, उन्हें तत्काल हटाया जाना चाहिए। साथ ही ऐसे कंटेंट को अपलोड और प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए।

मीडिया की भूमिका भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पत्रकारिता का उद्देश्य केवल दर्शकों का ध्यान आकर्षित करना नहीं, बल्कि जिम्मेदार तरीके से सूचना देना भी है। वर्षों से पत्रकारिता में कुछ नैतिक मानदंड स्थापित रहे हैं, जिनके तहत मृतकों की गरिमा, पीड़ितों की निजता और दर्शकों की मानसिक सुरक्षा का ध्यान रखा जाता है। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया पर भी इन्हीं मूल्यों का पालन आवश्यक है। किसी घटना के बारे में जानकारी दी जा सकती है, लेकिन उसकी भयावहता को बार-बार प्रदर्शित करना पत्रकारिता नहीं, बल्कि सनसनीखेज प्रस्तुति कहलाएगी।

हालाँकि केवल प्लेटफॉर्म्स और मीडिया को दोष देना पर्याप्त नहीं है। दर्शकों और सामान्य नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। किसी भी हिंसक वीडियो को देखने या प्राप्त करने के बाद उसे आगे साझा करना आवश्यक नहीं होता। यदि लोग ऐसे वीडियो को रिपोर्ट करें, उन्हें आगे न बढ़ाएँ और दूसरों को भी ऐसा न करने के लिए प्रेरित करें, तो इनके प्रसार को काफी हद तक रोका जा सकता है। डिजिटल नागरिकता का अर्थ केवल इंटरनेट का उपयोग करना नहीं, बल्कि उसका जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करना भी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक का उपयोग मानवता को मजबूत करने के लिए करें, न कि पीड़ा को तमाशे में बदलने के लिए। किसी दुखद घटना पर हमारी पहली प्रतिक्रिया संवेदना, सहानुभूति और न्याय की मांग होनी चाहिए, न कि भयावह वीडियो को आगे भेजने की। किसी मासूम बच्चे की हत्या या किसी निर्दोष व्यक्ति की मौत समाज के लिए शोक और आत्ममंथन का विषय है, मनोरंजन या जिज्ञासा का नहीं।

वास्तव में, किसी भी सभ्य और संवेदनशील समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने सबसे कमजोर और पीड़ित लोगों के प्रति कितना सम्मान और करुणा रखता है। यदि हम किसी की अंतिम पीड़ा को सोशल मीडिया की सामग्री बनाकर प्रसारित करते हैं, तो हम केवल एक वीडियो साझा नहीं कर रहे होते, बल्कि अपनी संवेदनशीलता का भी एक हिस्सा खो रहे होते हैं।

इसलिए समय की मांग है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ऐसी सामग्री को तुरंत हटाएँ, कानून अपना कार्य करे और समाज स्वयं भी यह संकल्प ले कि किसी की त्रासदी को वायरल नहीं, बल्कि मानवता और संवेदना को वायरल करना है। यही डिजिटल युग की सबसे बड़ी नैतिक आवश्यकता है।

# पहलाज निहलानी :सिनेमा जगत का एक बेबाक चेहरा हुआ खामोश

**सत्य भूषण शर्मा**

भारतीय फिल्म उद्योग से जुड़ी एक दुखद खबर ने सिनेमा प्रेमियों को भावुक कर दिया। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सी बी एफ सी) के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता पहलाज निहलानी का 4 जून 2026 को मुंबई में निधन हो गया। वे 76 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से लिवर संबंधी बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन से बॉलीवुड जगत में शोक की लहर दौड़ गई है।

पहलाज निहलानी केवल एक सफल निमार्ता ही नहीं, बल्कि अपने स्पष्ट विचारों, साहसी निर्णयों और बेबाक व्यक्तित्व के कारण भी लंबे समय तक चर्चा में रहे। उनके निधन के साथ हिंदी सिनेमा का एक ऐसा अध्याय समाप्त हो गया जिसने फिल्म उद्योग और सेंसर व्यवस्था दोनों को गहराई से प्रभावित किया। पहलाज निहलानी ने भारतीय सिनेमा को अनेक सफल और लोकप्रिय फिल्में दीं। उन्होंने वर्ष 1982 में हाथकड़ी फिल्म से निमार्ता के रूप में अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद इल्जाम, आग ही आग, पाप की दुनिया, गुनाहों का फैसला, मिट्टी और सोना, शोला और शबनम, आंखें, अंदाज तथा भाई भाई जैसी फिल्मों का निर्माण किया। विशेष रूप से अभिनेता गोविंदा के साथ उनकी फिल्मों ने दर्शकों के दिलों में खास स्थान बनाया। इल्जाम फिल्म से उन्होंने गोविंदा को बड़ा अवसर दिया, जबकि आग ही आग के



माध्यम से अभिनेता चंकी पांडे को पहचान मिली।

वर्ष 1993 में आई उनकी फिल्म आंखें उस दौर की सबसे बड़ी सुपरहिट फिल्मों में गिनी गई। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता अर्जित की और पहलाज निहलानी को व्यावसायिक रूप से अत्यंत सफल निमार्ताओं की श्रेणी में स्थापित कर दिया। शोला और शबनम तथा राजा बाबू जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और लंबे समय तक लोकप्रिय बनी रहीं।

फिल्म उद्योग में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें कई प्रतिष्ठित सम्मान और पुरस्कार भी प्राप्त हुए। वे लंबे समय तक एसोसिएशन ऑफ पिक्चर्स एंड टीवी प्रोग्राम प्रोड्यूसर्स के अध्यक्ष रहे। हिंदी फिल्म उद्योग में नए कलाकारों को अवसर देने तथा व्यावसायिक सिनेमा को नई दिशा प्रदान करने के लिए उन्हें अनेक फिल्म एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में भी उनका कार्यकाल अत्यंत चर्चित रहा। वर्ष 2015 में उन्हें सी बी एफ सी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने के बाद जब उन्हें केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, तब वे राष्ट्रीय स्तर पर चचाओं के केंद्र बन गए। उनके कार्यकाल में फिल्मों के कई दृश्यों और संवादों को लेकर विवाद सामने आए। उन्होंने फिल्मों में भारतीय संस्कृति, नैतिकता और सामाजिक मयार्दाओं को बनाए रखने पर जोर दिया। हालांकि कई फिल्मकारों ने उनके निर्णयों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध के रूप में देखा, फिर भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी उनकी स्पष्टवादिता। वे किसी भी मुद्दे पर बिना लाग-लपेट अपनी बात रखते थे। चाहे फिल्म उद्योग की चुनौतियाँ हों या सामाजिक विषय, उन्होंने हमेशा खुलकर अपने विचार व्यक्त किए। यही कारण था कि वे मीडिया और जनचचाओं में लगातार बने रहते थे। कई बार उनके बयान विवादों का कारण भी बने, लेकिन उन्होंने कभी अपनी शैली नहीं बदली।

पहलाज निहलानी का जीवन संघर्ष और आत्मविश्वास की मिसाल रहा। साधारण परिवेश से निकलकर उन्होंने हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी मजबूत पहचान बनाई। उन्होंने यह सिद्ध किया कि निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और काम के प्रति समर्पण व्यक्ति को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

# आपदा और दुर्घटनाओं से निपटने के लिए बनेगा स्पेशियलाइज्ड रेस्क्यू ग्रुप

**लखनऊ।**
विशेष आपात परिस्थितियों में राहत और बचाव कार्यों के लिए उत्तर प्रदेश को जल्द ही एक नई विशेषज्ञ टीम मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग में विशेषीकृत रेस्क्यू ग्रुप (एसआरजी) का गठन किया जा रहा है।



बदलते आपदा परिदृश्य और नई चुनौतियों को देखते हुए पहले चरण में 10 जनपदों में एसआरजी की स्थापना की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए 240 कर्मियों को एनडीआरएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी, सीआईएसएफ तथा अन्य विशेषज्ञ संस्थानों में उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। भवन ध्वस्त होने, बाढ़, रासायनिक दुर्घटनाओं, ऊंचाई पर फंसे लोगों के रेस्क्यू और संकरे स्थानों में बचाव जैसे जटिल अभियानों में यह टीम आधुनिक उपकरणों और विशेष प्रशिक्षण के साथ त्वरित कार्रवाई करने में सक्षम होगी।
सोमवार को अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश तेजी से शहरी, औद्योगिक और आर्थिक विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अग्निशमन एवं आपात सेवा व्यवस्था को भी समय की आवश्यकताओं के अनुरूप मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग अब केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के जीवन, संपत्ति, उद्योगों और निवेश की सुरक्षा का भी महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। इसलिए इसे आधुनिक तकनीक, अत्याधुनिक संसाधनों और प्रशिक्षित मानवबल से और सशक्त बनाया जाए।
बैठक में डीजी फायर सर्विस ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदेश की 350 तहसीलों में से 296 तहसीलों में 326 स्थायी अग्निशमन केंद्र संचालित हैं। 26 नए केंद्र लोकार्पण के लिए तैयार हैं, जबकि 25 केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। 47 अन्य प्रस्तावित केंद्रों की डीपीआर तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि शेष तहसीलों में भी अग्निशमन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही तेज की जाए।
मुख्यमंत्री ने कहा कि नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर, वाराणसी और प्रयागराज जैसे शहरों में तेजी से बढ़ रही बहुमंजिला इमारतों ने अग्निसुरक्षा की नई चुनौतियां खड़ी की हैं। इन चुनौतियों का सामना आधुनिक संसाधनों और विशेष व्यवस्था के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने हाईराइज भवनों के लिए आवश्यक उपकरणों और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
बैठक में बताया गया कि वर्ष 2026-27 में 102 मीटर क्षमता के 10, 90 मीटर क्षमता के 3 तथा 72 मीटर क्षमता के 7 हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म खरीदने की योजना है। इसके अलावा 100 मंजिल तक प्रभावी अग्निशमन क्षमता वाले आधुनिक तकनीक से लैस 14 विशेष फायर फाइटिंग वाहनों की खरीद भी प्रस्तावित है, जिससे ऊंची इमारतों और बड़े परिसरों में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।
अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2017 के बाद से विभाग की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में अग्निशमन केंद्रों की संख्या 140 से बढ़कर 260 हो गई है तथा 114 नए केंद्र स्थापित किए गए हैं। फायर वाहनों की संख्या 750 से बढ़कर 1660 हो चुकी है और 400 अतिरिक्त वाहन खरीद की प्रक्रिया में हैं। डायल-112 के साथ एकीकरण, ऑनलाइन सेवाओं के विस्तार और नई भर्तियों से विभाग की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।
मुख्यमंत्री ने फसलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता और सामुदायिक भागीदारी को और मजबूत बनाने पर जोर दिया।

# बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने किए प्रमुख तीर्थों के दर्शन, की यमुना महारानी की विधिवत पूजा अर्चना

**मथुरा।**
सोमवार को बिहार प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा अपने सपरिवार सहित पावन ब्रजधाम की यात्रा पर पहुंचे, जहां उन्होंने मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन एवं गोकुल के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर दर्शन-पूजन कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की मंगलकामना की।



ब्रज प्रवास के दौरान मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सर्वप्रथम मथुरा स्थित यमुना महारानी के पावन विश्राम घाट पर दुग्ध अभिषेक एवं विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने यमुना महारानी से राष्ट्र की उन्नति, किसानों की समृद्धि तथा समाज में सुख-शांति की प्रार्थना की। इसके उपरांत उन्होंने श्री द्वारकाधीश मंदिर में भगवान श्री द्वारकाधीश के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात गोवर्धन पहुंचकर उन्होंने मुखारविंद जतीपुरा में गिरिराज महाराज की पूजा-अर्चना की एवं मलूक पीठाधीश्वर राजेद्र जी महाराज से चंद्रोदय गौशाला पर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा ब्रजभूमि की दिव्यता एवं सनातन संस्कृति की महिमा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ब्रज की पावन धरा सम्पूर्ण विश्व को आध्यात्मिक चेतना एवं भारतीय संस्कृति का संदेश प्रदान करती है।ब्रज भ्रमण के दौरान मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने गोकुल एवं वृंदावन स्थित प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में भी दर्शन कर ठाकुरजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने ब्रज की धार्मिक परंपराओं, संत संस्कृति एवं यहां की भक्ति भावना की भूरि-भूरि प्रशंसा की।
अपने प्रवास के दौरान मंत्री विजय सिन्हा तटीया स्थान भी पहुंचे, जहां उन्होंने संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं आध्यात्मिक चर्चा में सहभागिता की। इस अवसर पर विपुल पाठक, पंकज चतुवेर्दी, भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी पंडित श्याम शर्मा, अंशुमान चतुवेर्दी, कृष्ण चतुवेर्दी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कॉकरोच पार्टी में कोई दम नहीं, समाप्त हो गया इंडिया एलायंस : अरुण सिंह

**मथुरा।**
सोमवार भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह ने वृन्दावन आकर प्रभु बांके बिहारी के दर्शन किए। पूजा अर्चना की। वृन्दावन नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन रहे भाजपा नेता मुकेश गौतम और कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।



उन्होंने एक सवाल पर कहा कॉकरोच जनता पार्टी कौन है? सोशल मीडिया से ऐसे लोग सामने आ जाते हैं इनमें कोई दम नहीं है। उन्होंने कहा पिछले 12 वर्षों में देश का अभूतपूर्व विकास हुआ है। इसके साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक केंद्रों का भी उत्थान हुआ है। इनमें अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन के महाकाल कॉरिडोर के उदाहरण उन्होंने दोहराए। राम मंदिर को दिए दान में गड़बड़ी पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा उठाए गए सवाल पर उन्होंने कहा कि वे कितनी बार राम मंदिर गए। कितनी बार बांके बिहारी और कांशी विश्वनाथ के दर्शन किए। उन्हें टीका और चंदन लगाने से डर लगता है, कहीं मुस्लिम वोटर नाराज न हो जायें। किसी मंदिर या ट्रस्ट को दिए जाने वाले चंदे पर कभी प्रश्न चिंह नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत को राष्ट्रवाद और सनातन की जीत बताया।

# आजाद बिंद हत्याकांड : मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद जमदहा पहुंची सौम्या बिंद, न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प

**जौनपुर।**
यूपी के जौनपुर में खेतासराय थाना अंतर्गत दूल्हा आजाद बिंद हत्याकांड में न्याय की लड़ाई लड़ रही सौम्या बिंद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद सोमवार को मृतक की होने वाली दुल्हन सोनी बिंद के घर जमदहा (बीबीपुर) पहुंचीं। जैसे ही दोनों आमने-सामने हुईं, वे एक-दूसरे से लिपटकर फूट-फूटकर रो पड़ीं। यह भावुक दृश्य देखकर वहां मौजूद परिजनों और ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं तथा घर का माहौल गमगीन हो उठा।सुरक्षा व्यवस्था के बीच गांव पहुंची सौम्या को देखकर मृतक के होने वाले ससुराल पक्ष के लोग भावुक हो गए। काफी देर तक सौम्या ने सोनी को ढांढस बंधाया और हिम्मत बनाए रखने की बात कही। मौजूद लोगों ने किसी तरह दोनों को संभाला। इस दौरान सौम्या ने कहा कि मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई और न्याय का भरोसा मिला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाई के हत्यारों को सख्त सजा दिलाने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा और वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगी। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़उर गांव निवासी आजाद बिंद की शादी जमदहा (बीबीपुर) निवासी सोनी बिंद से तय थी। एक मई की रात बारात लेकर जाते समय शाहगंज-जौनपुर मार्ग पर बादशाही के पास बाइक सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी थी, जिसमें आजाद बिंद की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जनपद के साथ प्रदेशभर में आक्रोश फैल गया था।पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर भोले राजभर, रवि यादव और प्रदीप बिंद के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। मामले का एक आरोपित रवि यादव पुलिस मुठभेड़ में मारा जा चुका है, जबकि अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।
इसी को लेकर परिजन लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं और सौम्य बिंद उनके भी इनकाउंटर की मांग कर रही है।



# होटल में युवक-युवती ने खाया जहर, युवती की मौत-युवक मेरठ रेफर

**बागपत।**
उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में सोमवार की शाम एक होटल में युवक और युवती ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिसमें युवती की मौत हो गयी है, युवक को गम्भीर हालत में मेरठ रेफर किया गया है। बड़ौत पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच जारी है।
पुलिस के अनुसार शाम को पांच बजे छपरौली रोड़ स्थित बड़ौत के एक होटल से फोन आया कि होटल के कमरे में एक युवक और युवती ने जहरीला पदार्थ सेवन कर लिया है। जिनको होटल संचालक द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। सूचना पर पुलिस तुरन्त होटल पहुंची और मामले की जानकारी ली।
बड़ौत क्षेत्राधिकारी द्वारा बताया गया है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृत युवती इसी युवक के साथ मार्च माह में घर से चली गई थी, जिसके संबंध में थाना बिनौली में युवती के परिजनों द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। बाद में पुलिस ने युवती को बरामद कर नियमानुसार कार्रवाई की थी। घटना के बाद पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी बड़ौत अंशु जैन ने बताया कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने की गैंगलीडर की 16 लाख से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क

**फिरोजाबाद।**
थाना मटसैना पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट के तहत सोमवार को गैंगलीडर की 16 लाख से अधिक की अचल सम्पति को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्रवाई की है। अभियुक्त द्वारा लगातार अपराध कारित कर अवैध चल, अचल सम्पति अर्जित की गयी है।
जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे द्वारा गैंगस्टर एक्ट के तहत आदतन एवं संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल नेतृत्व में थाना मटसैना पुलिस टीम ने राजस्व टीम के साथ थाना लाइनपार में दर्ज गैंगस्टर मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त दौजीराम पुत्र शिवचरन निवासी दतौंजी खुर्द थाना लाइनपार जनपद फिरोजाबाद की अचल सम्पति मौजा शंकरपुर में कृषि भूमि जिसकी अनुमानित कीमत 16,23,860 रुपये (सोलह लाख तेईस हजार आठ सौ साठ रुपये) है को अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 के तहत कुर्क कर जब्तीकरण की कार्रवाई की है।

# 43 साल पुराने हत्याकांड में सात दोषियों की सजा बरकरार

*आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील खारिज*

**प्रयागराज।**
इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 1983 में सुनाए गए एक हत्या के मामले में दोष-सिद्धि व उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए अभियुक्तों की अपील खारिज कर दी।
10 अगस्त, 1982 को शाम करीब 6 बजे सहारनपुर जिले के कनखल इलाके में सतीश कुमार नामक युवक पर सात लोगों ने गुप्ती, चाकू, चेन और देशी पिस्तौल से हमला कर दिया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम में शरीर पर कुल 15 घाव पाए गए। सत्र न्यायालय ने 17 नवंबर, 1983 को सतीश, शिव कुमार, अशोक, भूपत, राकेश, विजय और विक्रम को दोषी करार देते हुए धारा 302/149 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।
न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने तीनों आपराधिक अपीलें खारिज करते हुए ट्रायल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। अपील के दौरान आरोपी राकेश की मृत्यु हो जाने से उसके विरुद्ध कार्यवाही पहले ही समाप्त हो चुकी थी।

# जियो वाहन टैगिंग व्यवस्था में दिक्कतें रहीं तो होगा विरोध : ज्ञानेश मिश्र

**कानपुर।**
प्रदेश की 220 मंडियों में एक जुलाई से कृषि उत्पादों के व्यापार और परिवहन के लिए ऐप आधारित जियो वाहन टैगिंग व्यवस्था दो माह के लिए प्रयोगात्मक रूप से लागू किए जाने की घोषणा के बाद व्यापारियों ने चिंता जताई है। नई व्यवस्था का अध्ययन कर उसकी खामियां दूर कराने का प्रयास किया जाएगा और समस्याएं बरकरार रहने पर विरोध की रणनीति बनाई जाएगी। यह बातें सोमवार को भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहीं।

# योग अपनाएं, स्वस्थ रहें और स्वस्थ समाज बनाएं : डॉ. राम किशोर

**कानपुर।**
नौ से 21 जून तक आयोजित होने वाले योग पखवाड़े का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक योग का लाभ पहुंचाना है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवनशैली का आधार है। इसी भावना के साथ विश्वविद्यालय योग को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। यह बातें सोमवार को योग पखवाड़ा समन्वयक डॉ. राम किशोर ने कहीं।
अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की वैश्विक थीम योगा फॉर हेल्थी एजिंग के तहत छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय में नौ जून से योग पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।




इसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह होंगे, जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक करेंगे।
उद्घाटन समारोह के बाद ईशा फाउंडेशन द्वारा विशेष ध्यान कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसमें ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जानकारी दी जाएगी। पखवाड़े के दौरान विश्वविद्यालय परिसर तथा विभिन्न संस्थानों में कुल 15 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
इन कार्यक्रमों में महिला योग शिविर, समर योग कैंप, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में योग शिविर, पूर्व योग छात्रों का सम्मेलन, योग चिकित्सा शिविर, योग चिकित्सा कार्यशाला, ध्यान शिविर, अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष योग सत्र तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह शामिल हैं।
कार्यक्रमों का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग, सीएसजेएमयू योग ओपीडी तथा नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। ब्रह्मकुमारी, गायत्री परिवार, ईशा फाउंडेशन, इस्कॉन, एनसीसी, एनएसएस और अन्य सामाजिक संस्थाएं भी सहयोग करेंगी।
विश्वविद्यालय में वर्तमान में बीएससी योग साइंस, एमए योग, एमएससी योग साइंस और पीजी डिप्लोमा इन योग पाठ्यक्रम संचालित हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि योग शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# श्री द्वारकाधीश महाराज ने की नौका बिहार, मनोरम झांकी के श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**मथुरा।**
ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में अधिक मास उत्सवों की श्रृंखला के तहत सोमवार शाम भगवान श्री द्वारकाधीश महाराज के नौका बिहार मनोरथ का भव्य आयोजन किया गया। शयन दर्शन के दौरान सायं 6:30 बजे से 7:30 बजे तक ठाकुर जी ने विशेष रूप से सुसज्जित नौका में विराजमान होकर भक्तों को दर्शन दिए।
इस मनोरम झांकी के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। उन्होंने भगवान के दिव्य स्वरूप का आनंद लिया और भक्ति भाव में लीन हो गए। मथुरा के ठाकुर द्वारकाधीश मंदिर में अधिक मास उत्सवों की श्रृंखला के तहत भगवान श्री द्वारकाधीश महाराज के नौका बिहार मनोरथ का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि मंदिर में आयोजित होने वाले सभी उत्सवों और मनोरथों का निर्धारण गोस्वामी श्री श्री 108 डॉ. वागीश कुमार जी महाराज, कांकरोली नरेश एवं तृतीय पीठाधीश्वर के निर्देशन में किया जाता है। अधिक मास के अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न विशेष मनोरथ आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें भगवान के विविध स्वरूपों के दर्शन कराए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को शयन दर्शन के समय कमल तलाई मनोरथ का आयोजन किया जाएगा।
इसमें ठाकुर जी को कमलों से सुसज्जित विशेष स्वरूप में विराजमान कराया जाएगा, जो भक्तों के लिए एक और आकर्षण का केंद्र होगा।
मंदिर प्रशासन के अनुसार, अधिक मास के पूरे एक माह तक विशेष धार्मिक आयोजन और मनोरथ संपन्न होंगे। श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार भगवान के लिए मनोरथ भी करा सकते हैं।



# 25 लाख की लागत से टाउनहॉल मैदागिन स्थित गांधी उद्यान पार्क का होगा सौंदर्यीकरण

*पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने किया शिलान्यास*

**वाराणसी।**
उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं शहर दक्षिणी विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने सोमवार को टाउनहॉल मैदागिन स्थित गांधी उद्यान पार्क का 24.99 लाख रुपए लागत से होने वाले सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया।
उन्होंने बताया कि गांधी उद्यान पार्क में बच्चों, बूढ़े सभी के उपयोग के लिए जिम, पाथवे बनाए जाने के साथ ही बैठने के लिए स्थाई बेंच भी लगाए जाएँगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि काशी बदल चुका है। चहुंओर चतुमुर्खी विकास हो रहा हैं। जनसामान्य को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। शहर के साथ-साथ सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण भी बड़े पैमाने पर किया गया है।
जिससे लोगों को उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बेहतर एवं सुगम सुविधाएँ मिल रही हैं। उन्होंने गांधी उद्यान पार्क का सुंदरीकरण कार्य कर रहे कार्यदाई संस्था के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सुंदरीकरण कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए।
पाथवे मानक के अनुरूप बनाया जाए। उद्यान में लगने वाले जिम के सामान भी उच्च क्वालिटी के होने चाहिए।

# रात में मेडिकल कॉलेज पहुंचे डीएम, मरीजों से पूछा हाल; वन स्टॉप सेंटर की भी परखी व्यवस्था

**देवरिया।**
जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार की देर रात मेडिकल कॉलेज और वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य एवं महिला सुरक्षा सेवाओं की हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरीजों से सीधे संवाद किया और अधिकारियों को व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।
रात्रि करीब साढ़े आठ बजे जिलाधिकारी मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां उन्होंने इमरजेंसी वार्ड और महिला प्रसूति वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भर्ती मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, साफ-सफाई, चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपचार संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।
निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, लेकिन जिलाधिकारी ने स्वास्थ्यकर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने और अस्पताल परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा ड्यूटी के दौरान निर्धारित ड्रेस कोड का पालन कराने के भी निर्देश दिए।
मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी वन स्टॉप सेंटर पहुंचे, जहां उन्होंने महिलाओं को उपलब्ध कराई जा रही सहायता सेवाओं की समीक्षा की।
उन्होंने केंद्र के अभिलेख, सुरक्षा व्यवस्था, आवासीय सुविधाओं और परामर्श सेवाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि संकटग्रस्त महिलाओं को समयबद्ध और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराई जाए।
जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।





## आईएफसी का भारत में हरित क्रांति को बल, कठिन कार्बन कटौती क्षेत्रों में बढ़ेगा निवेश

**रसायन और भारी परिवहन भी दायरे में; नीतिगत समर्थन और लागत में कमी से प्रेरित**

नई दिल्ली।

अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (आईएफसी) भारत में अपनी हरित निवेश रणनीति का विस्तार कर रहा है, खासकर उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जहां कार्बन उत्सर्जन कम करना चुनौतीपूर्ण रहा है। पिछले वित्त वर्ष में भारत में 5.4 अरब डॉलर का निवेश करने के बाद, आईएफसी अब हरित हाइड्रोजन, रसायन और भारी परिवहन जैसे क्षेत्रों में अपना ध्यान केंद्रित करेगा, जिसका खुलासा क्षेत्रीय प्रभाग के निदेशक के अनुसार, हरित हाइड्रोजन में आईएफसी का पहला निवेश हाइजेनको में हुआ है। उन्होंने बताया कि भारत का हरित हाइड्रोजन क्षेत्र एक निर्णायक मोड़ पर है, जहां नीतिगत महत्वाकांक्षाएं, बेहतर अर्थव्यवस्था और मजबूत निजी क्षेत्र का उदय हो रहा है। आईएफसी का यह कदम विश्व बैंक समूह की व्यापक पहल का हिस्सा है, जो कई वर्षों से नीतिगत ढांचे और वित्तपोषण का समर्थन कर रहा है। यह बदलाव रसायनों और भारी परिवहन जैसे क्षेत्रों में वाणिज्यिक स्तर पर मांग बढ़ने के कारण हुआ है। भारत का नीतिगत माहौल राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के साथ परिपक्व हो चुका है, जो उत्पादन और इलेक्ट्रोलाइजर विनिर्माण के लिए स्पष्ट प्रोत्साहन प्रदान करता है। इसके अलावा, भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की लागत विश्व में सबसे कम है और इलेक्ट्रोलाइजर की लागत भी घट रही है, जिससे हरित प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन सुधर रहा है। उन्होंने कहा कि हरित हाइड्रोजन सौर ऊर्जा की तरह ही तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## वित्त वर्ष 27 में 7.7 से 6 फीसदी तक आ सकती है भारत की ग्रोथ रेट

**आगामी वर्ष में महंगाई और लागत बढ़ने की आशंका**

नई दिल्ली।

भारत की अर्थव्यवस्था ने पिछले वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन किया, लेकिन आगामी वर्ष में इसकी विकास दर पर बाहरी चुनौतियों का साया मंडरा रहा है। एक ब्रोकरेज फर्म की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को प्रभावित कर सकती हैं। इससे महंगाई और कंपनियों की लागत बढ़ने का अंदेशा है। रिपोर्ट बताती है कि इन संभावित मुश्किलों को देखते हुए वित्त वर्ष 2027 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया गया है। हालांकि, निवेश और खपत अब भी अर्थव्यवस्था को मजबूत सहारा दे रहे हैं। पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) में जीडीपी 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी, जिसमें निवेश का बड़ा योगदान रहा, भले ही उपभोक्ता खर्च कुछ धीमा रहा। पूरे वित्त वर्ष 2026 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 7.7 फीसदी दर्ज की गई, जो पिछले साल 7.1 फीसदी से अधिक थी। उद्योग और सेवा क्षेत्रों ने इसमें सर्वाधिक योगदान दिया, खासकर मैन्युफैक्चरिंग, व्यापार और होटल सेवाओं में उछाल देखा गया। कृषि क्षेत्र की वृद्धि 3 फीसदी पर कमजोर रही। इसके बावजूद, मजबूत निवेश और खपत ने अर्थव्यवस्था को साल भर गतिशील बनाए रखा।

## रुपया 17 पैसे टूटकर 95.35 प्रति डॉलर पर खुला

**रुपया शुक्रवार को 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था**

मुंबई।

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी बाजार में डॉलर की मजबूती से रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 17 पैसे टूटकर 95.35 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि ब्रेंट कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। ईरान के इजराइल की ओर कई मिसाइलें दागने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है जिससे क्षेत्र की स्थिरता एवं युद्धविराम प्रयासों को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.35 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे कमजोर है। रुपया शुक्रवार को 56 पैसे मजबूत होकर 95.18 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था, जो लगभग दो महीनों में इसकी सबसे बड़ी एक-दिवसीय बढ़त थी। केंद्रीय बैंक के विदेशी पूंजी प्रवाह को समर्थन देने और विदेशी मुद्रा नकदी मजबूत करने के उपायों की घोषणा के बाद यह बढ़त आई थी। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 95.33 पर रहा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 719 अंक, निफ्टी 243 अंक गिरा**

मुंबई ।

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट अमेरिका, इजरालय और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के कारण दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 719.08 अंकों की गिरावट के साथ ही 73,524.26 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 243.70 अंक नीचे आकर 23,123 पर पहुंच गया। इसके अलावा व्यापक बाजार में भी गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में 1.40 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स में 1.92 फीसदी की गिरावट रही। सेक्टरवार देखें तो निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मेटल और निफ्टी ऑटो में 2 फीसदी से ज्यादा गिरावट आई जबकि निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी आईटी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में भी एक फीसदी गिरावट रही।

निफ्टी के केवल 9 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई, जबकि अन्य सभी शेयर गिरावट पर कारोबार करते दिखे।

मैक्स हेल्थ, पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बीईएल, नेस्ले इंडिया और टेक महिंद्रा के शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त दर्ज की गयी जबकि विप्रो , जियो फाइनेंस, हिंडाल्को और श्री राम फाइनेंस के शेयरों में गिरावट आई।बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी और ईरान के बीच शांति समझौते पर संशय से भी बाजार में गिरावट आई है।

वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट पर खुला। सेंसेक्स 700 अंक से अधिक लुढ़क कर 73,500 के स्तर पर आ गया, जबकि निफ्टी भी 23,150 के करीब गिरा। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 724.51 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 73,518.83 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## सोना 1700 से ज्यादा टूटा, चांदी में 5900 की गिरावट

**सोने का भाव 1,53,844 प्र ति दस ग्राम, चांदी 2,42,614 रुपए प्रति किलो**

नई दिल्ली ।

सोने और चांदी की कीमतों पर सोमवार को दबाव देखने को मिला। जहां शुरुआती तेज उछाल के बाद चांदी के भाव फिसल गए, वहीं सोने ने दिन की शुरुआत ही गिरावट के साथ की और इसमें और नरमी आई। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और अंतरराष्ट्रीय कॉमैक्स दोनों बाजारों में बहुमूल्य धातुओं के वायदा भाव में कमजोरी दर्ज की गई। घरेलू वायदा बाजार एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रैक्ट खबर लिखे जाने के समय 1,750 रुपये की गिरावट के साथ 1,53,844 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने दिन की शुरुआत ही नरमी के साथ की थी, जहां यह 1,417 रुपये की गिरावट के साथ 1,54,177 रुपये पर खुला था। इसका पिछला बंद भाव 1,55,594 रुपये था। कारोबारी सत्र के दौरान सोने ने 1,54,434 रुपये का उच्च स्तर और 1,53,802 रुपये का निचला स्तर छुआ।

## सरकार ने बैंकों से मांगा एटीएम नकदी संकट पर तत्काल जवाब

नई दिल्ली ।



वित्तीय सेवा विभाग ने देशभर में एटीएम में नकदी की कमी की समस्या पर बैंकों से तत्काल विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। विभाग ने बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) को भेजे ईमेल में नकदी भरने में आ रही दिक्कतों के कारणों और उन्हें दूर करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने का निर्देश दिया। यह कदम अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम सेवाओं के बुरी तरह प्रभावित होने की आशंकाओं के बीच उठाया गया है, जहां प्रत्यक्ष हस्तांतरणलाभार्थियों के लिए नकदी पर निर्भरता अधिक है। एटीएम उद्योग परिसंघ ने पिछले सप्ताह भारतीय बैंक संघ को आगाह किया था कि नकदी की उपलब्धता समस्या बनती जा रही है, जिससे देश भर में एटीएम सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को नकदी कमी होने पर तुरंत आपूर्ति का आश्वासन दिया था। हालांकि, बैंकरों के अनुसार, एटीएम में नकदी खत्म होने पर बैंकों को भी लागत वहन करनी पड़ती है। आरबीआई के अक्टूबर 2021 के नियमों के अनुसार, यदि कोई एटीएम महीने में 10 घंटे से अधिक समय तक नकदी से खाली रहता है (10,000 रुपए या उससे कम), तो संबंधित बैंकों/ऑपरेटरों पर जुर्माना लगता है। व्हाइट-लेबल एटीएम के मामले में, जुर्माने का भुगतान पहले कैश मुहैया कराने वाला बैंक करता है, जिसे ऑपरेटर से वसूला जाता है।

# एफपीआई को कर छूट, वैश्विक बॉन्ड सूचकांक में भारत की दावेदारी मजबूत

**सरकार का फैसला ब्लूमबर्ग ग्लोबल एग्रीगेट इंडेक्स में सॉवरिन बॉन्ड के शामिल होने की संभावना बढ़ाएगा**

नई दिल्ली।

भारत सरकार ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) को सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) से होने वाले ब्याज और पूंजीगत लाभ पर आयकर से छूट देकर वैश्विक बॉन्ड बाजार में अपनी स्थिति मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस निर्णय से भारतीय सॉवरिन बॉन्ड के ब्लूमबर्ग ग्लोबल एग्रीगेट इंडेक्स में शामिल होने की संभावना काफी बढ़ गई है, जिसकी समीक्षा इस महीने के मध्य में प्रस्तावित है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब जनवरी में ब्लूमबर्ग सर्विसेज इंडेक्स (बीआईएसएल) ने परिचालन और बाजार ढांचे से जुड़े मुद्दों का हवाला देते हुए भारत के सरकारी बॉन्ड को अपने वैश्विक सूचकांक में शामिल करने का फैसला टाल दिया था। सूत्रों ने बताया कि बॉन्ड बाजार को सुदृढ़ बनाना सरकार की मुख्य नीतिगत प्राथमिकता बनी हुई है। सरकार यह समझती है कि एक व्यापक और अधिक लिक्विड बॉन्ड बाजार के लिए घरेलू बैंकों और बीमा कंपनियों जैसे निवेशकों तक सीमित न रहकर वैश्विक संस्थागत निवेशकों को आकर्षित करना आवश्यक है। ये निवेशक लंबे समय के लिए निवेश करते हैं और अधिक जोखिम उठाने की क्षमता के साथ बड़ी मात्रा में स्थिर पूंजी उपलब्ध कराते हैं। पहले, एफपीआई की ब्याज और पूंजीगत प्राप्तियों से होने वाली कमाई पर कर नियमों की वजह से सरकारी




बॉन्ड पर कर के बाद मिलने वाला रिटर्न कम हो जाता था, जो अन्य उभरते बाजारों की तुलना में भारत को कम प्रतिस्पर्धी बनाता था। इस संरचनात्मक नुकसान को दूर करना जरूरी था। बार्कलेज के विश्लेषकों ने इस कर छूट को महत्वपूर्ण बताया है और कहा है कि इस कदम से भारत की वास्तविक यील्ड में सुधार होगा। बार्कलेज ने कहा कि सबसे अहम बात यह है कि इससे बॉन्ड सूचकांक में शामिल होने में आ रही संरचनात्मक बाधा भी दूर होती है। विश्लेषकों का मानना है कि पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के विस्तार और निवेश से जुड़ी पाबंदियों में ढील को सूचकांक प्रदाता सकारात्मक रूप से देख सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस कर सुधार का मुख्य मकसद भारतीय सरकारी प्रतिभूतियों में विदेशी निवेश के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी और निवेशक-अनुकूल माहौल देना, सॉवरिन बॉन्ड बाजार को मजबूत करना और वैश्विक सूचकांक में भारत की दावेदारी को मजबूती प्रदान करना है।

# अदाणी पोर्ट्स को अर्जेंटीना में 10 साल का एलएनजी निर्यात ठेका

**समुद्री सेवाओं के अनुबंध से दक्षिण अमेरिका में प्रवेश, वैश्विक पहुंच का विस्तार**

नई दिल्ली ।

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अर्जेंटीना की पहली तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) निर्यात परियोजना के लिए 10 वर्ष का समुद्री सेवाओं का महत्वपूर्ण ठेका हासिल किया है। इस डील के साथ ही एपीएसईजेड ने दक्षिण अमेरिकी बाजार में प्रवेश कर अपनी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सेवाओं के दायरे को मजबूती से बढ़ाया है। यह ठेका एपीएसईजेड की अनुषंगी अदाणी हार्बर इंटरनेशनल एफजेडसीओ को मेरिडियन ग्रुप के संघ के माध्यम से मिला है। इसका निष्पादन 51-49 के संयुक्त उद्यम मेरिडियन ट्रांसपोर्टेस मैरिटिमोस एसए द्वारा होगा। यह अनुबंध दक्षिणी एनर्जी एसए (एसईएसए) द्वारा आयोजित वैश्विक प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद प्राप्त हुआ है। एपीएसईजेड के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अनुबंध अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा लॉजिस्टिक्स में कंपनी की मजबूत उपस्थिति और विशेषीकृत समुद्री सेवाओं में बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। उन्होंने जटिल समुद्री वातावरण में अपनी गहरी परिचालन विशेषज्ञता को नए ऊर्जा व्यापार गलियारों और दीर्घकालिक आपूर्ति स्थिरता के लिए अहम बताया। कंपनी ने कहा कि अर्जेंटीना एक प्रमुख नए एलएनजी आपूर्तिकर्ता के रूप में उभर रहा है, जहां से 2027 से भारत को प्रति वर्ष एक




करोड़ टन तक एलएनजी निर्यात के समझौते हुए हैं। सदर्न एनर्जी एफएलएनजी परियोजना इस बढ़ती आपूर्ति को वैश्विक मांग केंद्रों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## पेट्रोल से 20 रुपए सस्ता नया ई85 फ्यूल

नई दिल्ली ।




बढ़ती ईंधन कीमतों और कच्चे तेल पर निर्भरता घटाने के लिए केंद्र सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दिल्ली में आधिकारिक तौर पर ई85 फ्यूल लॉन्च किया है, जो सामान्य पेट्रोल से लगभग 20 रूपए प्रति लीटर सस्ता है। दिल्ली में इसे मात्र 82.12 रुपए प्रति लीटर की किफायती कीमत पर पेश किया गया है, जबकि सामान्य पेट्रोल 100 रुपए के पार है। ई85 एक हाई इथेनॉल ब्लेंडेड फ्यूल है, जिसमें 80-85 फीसदी एथेनॉल होता है। इसे गन्ने, मक्के और कृषि अवशेषों से तैयार किया जाता है, जो इसे स्वदेशी और पर्यावरण के अनुकूल बनाता है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य भारत की विदेशी कच्चे तेल पर निर्भरता कम करना और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। हालांकि, यह समझना महत्वपूर्ण है कि ई85 फ्यूल आपकी मौजूदा साधारण पेट्रोल कार या बाइक के लिए नहीं है। इसे विशेष रूप से फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के लिए डिजाइन किया गया है, जो इस नए ईंधन के साथ संगत होते हैं। सरकार की यह पहल देश की ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# अमेजन जल्द बनेगा क्विक कॉमर्स का सरताज

**100 शहरों तक विस्तार की योजना**

नई दिल्ली ।

अमेजन इंडिया ने देश के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स बाजार में अपनी अग्रणी स्थिति स्थापित करने का दृढ़ विश्वास जताया है। कंपनी के एक वेरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्राइम प्रोग्राम और व्यापक उत्पाद श्रृंखला के दम पर अमेजन जल्द ही इस क्षेत्र में शीर्ष पर होगी।

कंपनी के अधिकारी ने कहा कि कंपनी त्वरित वाणिज्य को व्यापक ऑनलाइन खुदरा बाजार के भीतर एक गति समीकरण के रूप में देखती है। उन्होंने जोर दिया कि अमेजन प्रतिस्पर्धी-केंद्रित नहीं बल्कि ग्राहक-केंद्रित है, और भारत में 13 वर्षों में विकसित की गई व्यापक उत्पाद उपलब्धता तथा बड़ी ई-कॉमर्स क्षमता उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

कंपनी का क्विक कॉमर्स मंच अमेजन नाउ वर्तमान में 12 से अधिक शहरों में संचालित है और इसे 100 से अधिक शहरों तथा 1,000 'माइक्रो-फुलफिलमेंट सेंटर' तक विस्तारित करने की योजना है। कंपनी का कारोबार मासिक आधार पर 25 प्रतिशत




की वृद्धि दर्ज कर रहा है, और प्राइम सदस्य अन्य ग्राहकों की तुलना में तीन गुना अधिक खरीदारी कर रहे हैं।

तेज आपूर्ति और उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव से प्रेरित भारत का क्विक कॉमर्स बाजार डिजिटल अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में से एक है। इस क्षेत्र में अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी आक्रामक निवेश कर रहे हैं। अमेजन ने 2030 तक भारत में 35 अरब डॉलर के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है, जो व्यापार विस्तार, कृत्रिम मेधा और रोजगार सृजन पर केंद्रित होगा।

# इजराइल-ईरान में फिर तनाव, तेल बाजार में 3 फीसदी का उछाल

**- इजराइल-ईरान सैन्य कार्रवाई से नाजुक युद्धविराम खतरे में, ब्रेंट क्रूड 96 डॉलर पार**

नई दिल्ली ।

मध्य पूर्व में इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती सैन्य टकराव ने अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में हलचल मचा दी है। रविवार देर रात बाजार खुलते ही कच्चे तेल की कीमतों में 3 फीसदी का उछाल देखा गया, जो क्षेत्र के नाजुक युद्धविराम के टूटने की आशंका को दर्शाता है। यह ताजा संघर्ष वैश्विक निवेशकों और तेल कारोबारियों की चिंता बढ़ा रहा है। ईरान ने रविवार को इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागकर अप्रैल में लागू युद्धविराम को तोड़ दिया। यह कार्रवाई इजराइल द्वारा लेबनान की राजधानी बेरूत में हिज्बुल्लाह ठिकानों पर किए गए हवाई हमले के कुछ समय बाद हुई। इजराइल का दावा है कि उसने ईरान समर्थित हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया था। इन ताजा सैन्य झड़पों ने मध्य पूर्व में बड़े संघर्ष की आशंका को फिर से बढ़ा दिया है, जिससे वैश्विक निवेशक चिंतित हैं। इस बढ़ते तनाव का सीधा असर अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार पर पड़ा है। रविवार देर रात बाजार खुलते ही कच्चे तेल की कीमतों




में 3 फीसदी तक की वृद्धि दर्ज की गई।

अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 96 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया, जबकि अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) भी 93 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। जानकारों का कहना है कि आपूर्ति बाधित होने से ईंधन की कीमतें और बढ़ेंगी, जिससे दुनिया भर में महंगाई चरम पर पहुंच सकती है।

## रील्स सिर्फ मनोरंजन नहीं, अब शॉपिंग का भी नया अड्डा- रिपोर्ट

**81 फीसदी भारतीय रील्स से पाते हैं नए प्रोडक्ट्स की जानकारी**

मुंबई ।

भारत में शॉर्ट वीडियो कंटेंट, खासकर इंस्टाग्राम रील्स अब सिर्फ टाइमपास का जरिया नहीं रहा। सोशल मीडिया दिग्गज मेटा और रिसर्च एजेंसी इप्सॉस की एक नई ज्वॉइंट स्टडी ने खुलासा किया है कि रील्स लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी और शॉपिंग के तरीकों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। यह बदलता ट्रेंड शहरी और ग्रामीण दोनों इलाकों के उपभोक्ताओं पर समान रूप से दिख रहा है। मेटा और इप्सॉस द्वारा देश के 23 शहरों और ग्रामीण इलाकों के 4,000 से अधिक लोगों पर किए गए इस अध्ययन के मुताबिक, रील्स अब सीधे तौर पर भारतीय उपभोक्ताओं की जेब और ई-कॉमर्स को प्रभावित कर रही हैं। रिपोर्ट बताती है कि 81 फीसदी लोग किसी भी नए प्रोडक्ट या ब्रांड की पहली जानकारी रील्स के जरिए ही हासिल करते हैं। इतना ही नहीं, 66 फीसदी लोग खरीदारी से पहले रील्स पर प्रोडक्ट का रिव्यू या कंटेंट चेक करते हैं, और चौंकाने वाली बात यह है कि 47 फीसदी लोग रील देखने के बाद ही उस सामान को खरीदने का अंतिम फैसला लेते हैं। यह डिजिटल क्रांति खासकर युवा पीढ़ी पर सबसे ज्यादा असर डाल रही है, जहां 89त्न जेन-जी यूजर्स हर दिन रील्स देखते हैं और इनमें से 84 फीसदी रील्स के माध्यम से नए प्रोडक्ट्स की खोज करते हैं। ग्रामीण इलाकों में भी यह क्रेज बढ़ रहा है; जहां 94 फीसदी लोग रोजाना वीडियो देखते हैं और 73 फीसदी ग्रामीण यूजर्स ने रील्स के जरिए नए ब्रांड्स के बारे में जाना है। सिर्फ फैशन या ब्यूटी ही नहीं, ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी रील्स का प्रभाव है। 82 फीसदी लोग नई कारों और बाइक्स को खोजने के लिए मेटा प्लेटफॉर्म्स का उपयोग करते हैं, और रील्स का असर खरीदारी के अंतिम फैसले में 50 फीसदी तक देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक भारतीय यूजर्स इंस्टाग्राम रील्स पर ब्यूटी, मेकअप और फैशन से जुड़ा कंटेंट सबसे ज्यादा देखना पसंद करेंगे।

क्रिएटर्स के लिए भी अच्छी खबर है, क्योंकि इंस्टाग्राम रील्स अन्य शॉर्ट वीडियो ऐप्स के मुकाबले 60 फीसदी ज्यादा एंगेजमेंट प्रदान करता है। मेटा इंडिया का कहना है कि अब ब्रांड्स के लिए कंटेंट और व्यापार को एक साथ जोड़कर चलना बेहद जरूरी हो गया है।

## मई में वाहन बिक्री ने तोड़े रिकॉर्ड, ईंधन कीमतों के बावजूद 9.55 फीसदी की वृद्धि

**यात्री वाहन, दोपहिया, तिपहिया और ट्रैक्टर श्रेणियों में अब तक की सर्वाधिक बिक्री**



नई दिल्ली ।

देश में मोटर वाहनों की खुदरा बिक्री मई 2026 में रिकॉर्ड 25.31 लाख इकाई पर पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.55 फीसदी की वृद्धि दर्ज करती है। ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन्स (फाडा) ने सोमवार को बताया कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद यह उछाल आया, जो भारतीय ऑटो बाजार की मजबूत मांग को दर्शाता है। फाडा के आंकड़ों के अनुसार, मई में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री 23.25 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 4,02,591 इकाई रही। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी 7.54 फीसदी की वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 18,44,947 इकाई दर्ज की गई। तिपहिया और ट्रैक्टर श्रेणियों ने भी अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज करते हुए ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। उपभोक्ताओं की बढ़ती रुचि इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर भी स्पष्ट रूप से दिख रही है, जिसकी हिस्सेदारी दोपहिया सेगमेंट में बढ़कर 9.25 फीसदी हो गई है, जो पिछले वर्ष 6.11 फीसदी थी। फाडा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी और ईंधन की ऊंची कीमतों जैसी चुनौतियों के बावजूद भारतीय मोटर वाहन खुदरा बाजार में वृद्धि जारी रही। उन्होंने कहा कि तिपहिया, यात्री वाहन, ट्रैक्टर और कुल पंजीकरण में मई 2026 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखा गया। जून 2026 के लिए फाडा ने संतुलित लेकिन सतर्क रूप से आशावादी दृष्टिकोण व्यक्त किया है। मानसून की प्रगति और ग्रामीण नकदी प्रवाह को मांग का मुख्य कारक माना गया है, हालांकि अल्पकालिक लागत दबाव बने रहने की आशंका है। डीलरों में से आधे से अधिक ने वृद्धि की उम्मीद जताई है, जबकि 39.90 फीसदी ने बाजार को स्थिर रहने का अनुमान लगाया है।

# भारतीय टीम की सबसे बड़ी टेस्ट जीत, अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हराया

**न्यू चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये एकमात्र क्रिकेट टेस्ट मैच के तीसरे दिन ही अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से हरा दिय। इस मैच में अफगानिस्तान की टीम फॉलोऑन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में भी केवल 112 रनों पर ही आउट हो गयी। वहीं वह पहली पारी में 152 रनों पर आउट हो गयी थी, भारत की ओर से सबसे अधिक 6 विकेट मानव सुधार ने लिए। फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान की टीम दूसरी पारी में भी केवल 112 रन पर सिमट गई। भारतीय टीम ने पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। ऐसे में उसे पहली पारी के आधार पर 412 रनों की बढ़त मिली थी। इसके बाद भारतीय टीम ने अफगान टीम को फॉलोऑन के लिए बुलाया। अफगान टीम दूसरी पारी में भी टिक नहीं पायी और केवल 112 रन ही बना पायी। सलामी बल्लेबाज सिद्दीकुल्लाह अटल ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाये। वहीं भारतीय टीम की ओर से सुंदर ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। कुलदीप यादव ने 3 विकेट, मोहम्मद सिराज ने 1 विकेट और मानव सुधार ने 1 विकेट लिया।

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी 8 विकेट पर 564 रन बनाकर घोषित की थी। भारत की ओर से अपना पहला टेस्ट खेल रहे स्पिनर मानव सुथार ने इस मैच में काफी अच्छी गेंदबाजी कर कुल 7 विकेट लिए। सुधार ने पहली पारी में 22 ओवर में 33 रन देकर छह विकेट लिए जबकि दूसरी पारी में एक विकेट लिया। वहीं वाशिंगटन सुंदर ने अफगानिस्तान की दूसरी पारी में चार विकेट जबकि कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। इस मैच में जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पारी और रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत 300 रनों से हासिल की है। यह टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले भारतीय टीम ने साल 2018 में वेस्टइंडीज के खिलाफ पारी और 272 रनों से जीत हासिल की थी।

इस मैच में भारतीय टीम पूरी तरह से हावी रही। मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल और केएल राहुल ने शतक लगाये जबकि साई सुदर्शन और ऋषभ पंत ने अर्धशतक लगाया। शुभमन ने 15 चौके और 1 छक्के की मदद से 126 रनों की पारी खेली जबकि केएल राहुल ने 11 चौके लगाकर 100 रन बनाए। साई सुदर्शन और ऋषभ पंत ने 81-81 रन जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 52 रन बनये। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए उतरी अफगान टीम सुधार की फिरकी में उलझ गयी और पहली पारी में 152 रन ही बना पायी। केवल रहमत शाह ही 60 रनों की पारी खेली जबकि बाकी सभी बल्लेबाज विफल रहे। सुथार ने सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध




कृष्णा ने 3 जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।

## ज्वेरेव ने फ्रेंच ओपन टेनिस खिताब जीता



**पेरिस (एजेंसी)।** जर्मन के टेनिस स्टार अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इटली के फ्लावियो कोबोली को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस 2026 का पुरुष एकल खिताब जीत लिया है। ज्वेरेव ने खिताबी मुकाबले में कोबोली को 4 घंटे 16 मिनट तक चला, जिसमें ज्वेरेव ने कोबोली को 6-1, 4-6, 6-4, 6-7 (5-7), 6-1 से जीत दर्ज की। इसी के साथ ही जर्मन खिलाड़ी ने अपने करियर का पहला ग्रैंड स्लैम खिताब भी जीत लिया। पेरिस के प्रतिष्ठित रोलां गैरोस में खेला गया यह ऐतिहासिक मुकाबला 4 घंटे 16 मिनट तक चला। इस मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव शुरुआत से ही हावी रहे। पहले सेट में अपनी सर्विस और फोरहैंड का शानदार प्रदर्शन करते हुए जर्मन खिलाड़ी ने 6-1 से जीत दर्ज की। 10वीं वरीयता प्राप्त कोबोली ने दूसरे सेट में शानदार वापसी करते हुए ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी। कोबोली ने हुए दूसरा सेट 6-4 से जीतकर मुकाबले को बराबरी पर ला खड़ा किया। तीसरे सेट में ज्वेरेव ने एक बार फिर वापसी करते हुए हुए 6-4 से बढ़त बना ली। चौथा सेट बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। इसमें दोनों खिलाड़ियों ने पूरी ताकत लगा दी। ये सेट टाईब्रेकर तक पहुंचा, जहां कोबोली ने 7-5 से जीत हासिल की और मैच को निर्णायक पांचवें सेट तक पहुंचा दिया। इसके बाद ज्वेरेव की हार तय लग रही थी पर पांचवें सेट में, ज्वेरेव ने अपने अनुभव क इस्तेमाल करते हुए कोबोली की सर्विस दो बार तोड़ी और लगातार अंक हासिल हुए 6-1 से यह सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया।

यह जीत ज्वेरेव के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि इससे पहले वह तीन ग्रैंड स्लैम फाइनल में हारे हैं। वह 2020 यूएस ओपन, 2024 फ्रेंच ओपन और 2025 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में जीत के करीब पहुंचकर भी हार गए थे। इस बार जर्मन खिलाड़ी ने मानसिक मजबूती बनाये रखकर मुकाबले में जीत दर्ज की। इसी के साथ ही ज्वेरेव फ्रेंच ओपन के ओपन एरा में खिताब जीतने वाले पहले जर्मन पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले, 1937 में जर्मनी के हेनर हेन्केल ने रोलां गैरोस का खिताब जीता था। इस लिहाज से, ज्वेरेव ने 89 साल के लंबे इंतजार को समाप्त करते हुए ये ट्रॉफी जीती है।

## मुंबई इंडियंस को छोड़ सकते हैं सूर्यकुमार, केकेआर या सीएसके जाने की संभावना



**मुम्बई (एजेंसी)।** बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अब आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस को छोड़ सकते हैं। सूर्या के बाहर किये जाने की अटकलों को इस लिए भी बल मिल रहा है क्योंकि उन्होंने सोशल मीडिया में मुंबई इंडियंस को अनफॉलो कर दिया है। इतना ही नहीं, उनके अकाउंट से मुंबई इंडियंस की जर्सी वाली तस्वीरें भी हट गयी हैं। इससे ये साफ होता है कि सूर्या अब मुम्बई इंडियंस से नहीं खेलेंगे।

सूर्यकुमार को हाल ही में इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया और उनसे कप्तानी से भी हटा दिया गया। गौरतलब है कि इस आईपीएल सत्र में भी मुंबई इंडियंस के लिए भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्हें पिछली बार मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 16.25 करोड़ रुपये में बरकरार रखा था जिस पर इस बार भी बरकरार रख गया था। वह साल 2018 से ही लगातार मुंबई इंडियंस का अहम हिस्सा रहे हैं पर जिस प्रकार से उनका प्रदर्शन खराब हुआ है। उससे अब लगता है कि मुम्बई भी उन्हें आगे बनाये नहीं रखना चाहती।

ऐसे में अब कई रिपोर्ट्स ये दावा कर रही हैं कि अगर सूर्यकुमार मुंबई से बाहर जाते हैं तो वह अपनी पुरानी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जा सकते हैं। केकेआर को भी अपने लिए एक बेहतर कप्तान और शीर्ष क्रम में एक अनुभवी भारतीय बल्लेबाज की जरुरत है। कोलकाता के अलावा सूर्या चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी जा सकते हैं। इसका कारण है कि सीएसके भी एक बेहतर बल्लेबाज की तलाश में है।

मुंबई के लिए उन्होंने अब तक कुल 127 मैचों में 4020 रन बनाए हैं, जिसमें दो शानदार शतक भी शामिल हैं। वहीं केकेआर के लिए अपने पहले कार्यकाल में सूर्या ने 60 मैचों में 684 रन बनाए थे, जिसमें चैंपियंस लीग टी20 के 127 रन भी शामिल हैं।

## महंगी कीमतों से फीफा विश्व कप 2026 के प्रति प्रशंसकों का आकर्षण घटा



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में संयुक्त रुप से शुरु होने जा रहे फीफा विश्वकप फुटबॉल को लेकर प्रशंसकों में वैसा उत्साह नहीं दिखता जो आम तौर पर देखा जाता है। इस कारण विश्वकप के महंगे टिकट, तीन देशों के बीच यात्रा का अत्यधिक खर्च और अमेरिका में प्रवेश संबंधी दिक्कतें हैं। इससे प्रशंसक घर से ही मैच देखना चाहते हैं।

इंग्लैंड के एक ऐसे ही प्रशंसका का कहना है कि उससे पिछले चार विश्व कप देखें पर इस बार वह यूरोप में ही रहकर टूर्नामेंट के कुछ मुकाबलों का आनंद पुर्तगाल के समुद्र तट पर लगी स्क्रीन में उठाएगा। वहीं अर्जेंटीना के प्रशंसक ने कहा कि वह इस बार केवल दो मैच देखकर ही स्वदेश लौट जाएगा। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि इस बार पहले की तादाद में कम प्रशंसक विश्वकप में दिखेंगे। विश्व कप के दौरान अपनी टीम का समर्थन करने के लिए लंबी छुट्टियां लेकर विदेश यात्रा करने वाले प्रशंसक आमतौर पर धानी वर्ग से आते हैं पर पिछले टूर्नामेंटों में सीमित साधनों वाले प्रशंसक भी वर्षों तक बचत कर इस विश्वकप में पहुंच जाते थे पर इस बा कीमतें अधिक होने से उनकी कमी रहेगी।

पिछली बार, ग्रुप चरण के सबसे निचले श्रेणी के टिकट 69 डॉलर में उपलब्ध थे। वहीं इस बार, फीफा उन्हीं टिकटों को 265 डॉलर तक में बेच रहा है, जो चार गुना से भी अधिक की कीमत है। इसके अलावा, रूस 2018 और कतर 2022 विश्व कप में मेजबान शहरों के बीच निःशुल्क परिवहन सुविधा दी गई थी, जबकि अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में फैले 16 स्टेडियमों के बीच यात्रा करना कहीं अधिक महंगा साबित रहेगा। पहले, फीफा के आधिकारिक पुनर्विक्रय रीसेल मंच पर टिकट मूल कीमत से अधिक पर नहीं बेचे जा सकते थे पर इस बार, संस्था ने प्रशंसकों को अपनी इच्छानुसार ऊंची कीमत पर टिकट बेचने की अनुमति दे दी है और हर लेनदेन पर 30 फीसदी शुल्क भी वसूल रही है। वहीं फीफा का कहना है कि टिकटों की अधिक कीमतों के बाद भी मांग पर विशेष असर नहीं पड़ा है। प्रशंसकों का मानन है कि इस बार कीमतें काफी अधिक हैं। उनके मुताबिक, अमेरिका अब तक का सबसे खराब मेजबान साबित होगा।

## ट्राई-सीरीज : इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच आज पहला मैच, सूर्यवंशी पर रहेगी नजर




मुम्बई। मंगलवार 09 जून 2026 से इंडिया ए, श्रीलंका ए और अफगानिस्तान ए के बीच 7 मैचों की वनडे ट्राई सीरीज शुरू हो रही है। पहला मैच इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच खेला जाएगा और इस दौरान सभी की नजरें युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी पर रहेंगी। सूर्यवंशी का क्रेज जबरदस्त है। स्काड में उनका नाम घोषित होने के बाद ब्रॉडकास्टर्स ने अपनी रणनीति पर फिर से विचार किया। असल में इस सीरीज के लिए कोई ब्रॉडकास्टिंग चैनल तय नहीं था। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक BCCI की घोषणा के बाद सोनी स्पोर्ट्स मैच को लाइव दिखाने के लिए तैयार हो गया।

## वैभव को अपने अनुसार खेलने दें, उसपर बेवजह दबाव न बनायें : गांगुली

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर अभी से दबाव डालना सही नहीं है। साथ ही कहा कि वह अभी बच्चा है और उसे अपने अनुसार खेलने दें। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद वैभव को आयरलैंड और इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इसी को देखते हुए गांगुली ने कहा है कि वैभव पर किसी तरह का बेवजह का दबाव न बनाये और उसे अपने स्वाभविक अंदाज में खेलने दें। गांगुली ने से बातचीत में प्रशंसकों और क्रिकेट विशेषज्ञों से विशेष तौर पर अपील की कि वे वैभव पर अनावश्यक अपेक्षाओं का बोझ न डालें। गांगुली ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी केवल 15 साल का बच्चा है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव के बारे में बहुत अधिक सोचता होगा। आईपीएल में हमने देखा कि वह निडर होकर खेलता है हालांकि भारतीय टीम के लिए खेलना एक बिलकुल अलग अनुभव है, और वह उन विदेशी दौरों पर जा रहा है जहां की पिचें काफी हमारे यहां से काफी अलग होंगी।' गांगुली का मानना है कि वैभव में अपार प्रतिभा है पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत में उनसे तुरंत चमत्कारी प्रदर्शन की उम्मीद नहीं करनी चाहिये। उन्होंने जोर देकर कहा, 'उसे बस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने पैर जमाने का अवसर दें। भारत में कई अन्य खिलाड़ियों की तरह उसके पास भी जबरदस्त प्रतिभा है, इसलिए उम्मीदों का बोझ डालकर उसे परेशान न करें।' वैभव के लिए असली परीक्षा अब शुरू होगी। भारतीय टीम को 26 और 28 जून को आयरलैंड में दो टी20 मैच खेलने हैं, जिसके तुरंत बाद 1 जुलाई से 11 जुलाई के बीच इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज होनी है। आईपीएल की सपाट और बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों पर छक्के उड़ाना अलग बात है पर इंग्लैंड में यूनाइटेड तेज और उछल भरी पिचों पर अपने को साबित करना बिल्कुल अलग चुनौती होगी।



# संन्यास के सवाल पर भड़कीं हरमनप्रीत

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस समय टी20 विश्वकप खेलने के लिए लंदन गयी हुई है। इसी दौरान सभी कप्तानों के लिए आयोजित एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में संन्यास को लेकर पूछे गये सवाल पर भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर भड़क गयीं। हरमनप्रीत ने उल्टे उस रिपोर्टर से ही पूछ लिया कि वह इस प्रकार के सवाल क्यों पूछ रहा है। इस बातचीत का एक वीडियो भी। सोशल मीडिया पर आया है। इसमें दिख रहा है कि हर पत्रकार वार्ता में रिपोर्टर बारी-बारी से हर कप्तान से सवाल पूछे जा रहे थे। जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर की बारी आई, तो एक रिपोर्टर ने उनसे सीधा सवाल किया, क्या यह आपका आखिरी विश्व कप है? आप इस पर क्या कहना चाहेंगी? इस सवाल पर हरमनप्रीत ने उलटे रिपोर्टर से ही पूछ लिया। उन्होंने कहा, यह मेरा आखिरी विश्व कप क्यों? क्या आप चाहते हैं कि मैं सन्यास ले लूं? हरमनप्रीत के इस तीखे जवाब से रिपोर्टर झेंप गया। उसने तुरंत



अपनी बात संभालते हुए कहा, नहीं, मैं बस जानना चाह रहा था। मुझे यह सुनकर अच्छा लगा कि यह आपका आखिरी विश्व कप नहीं है। रिपोर्टर के इस जवाब पर भी हरमनप्रीत ने अपनी बात पूरी करते हुए पूछा, फिर आप ऐसा पूछ क्यों रहे हैं? हरमनप्रीत के इस अंदाज से पता चलता है कि वह बेहद स्पष्टवादी हैं।

गौरतलब है कि महिला टी20 विश्व कप 2026 का शुरुआती मैच मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच 12 जून को खेला जाएगा। वहीं, भारतीय टीम अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत 14 जून को परंपरागत-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। लीग स्टेज में भारत को कुल पांच मैच खेलने हैं। पाकिस्तान के बाद, भारतीय टीम का अगला मुकाबला 17 जून को नीदरलैंड्स से होगा। इसके बाद, 21 जून को भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से खेलेगी। भारतीय टीम अपना अपना चौथा लीग मैच 25 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। वहीं अपना अंतिम मुकाबला 28 जून को ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। विश्वकप में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें छह-छह टीमों के दो ग्रुप, ग्रुप ए और ग्रुप बी में बांटा गया है। भारतीय टीम को ग्रुप ए में रखा गया है, जिसमें कुछ बेहद मजबूत टीमें भीशामिल हैं। इसी को लेकर हरमनप्रीत ने कहा कि टीम किसी भी प्रकार के मुकाबले के लिए तैयार है।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कर सकता है कोच और कप्तान में बदलाव, सरफराज और शान होंगे बाहर




लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पाक टीम की करारी हार से बेहद नाराज है। पीसीबी अब कोच और कप्तान में बदलाव करने जा रहा है। इसी के तहत ही पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी टीम के मुख्य कोच सरफराज खान और कप्तान शान मसूद को उनके पदों से हटाकर नये कोच और कप्तान नियुक्त करने जा रहे हैं। पीसीबी पूर्व क्रिकेटर यूनिस खान को कोच जबकि मोहम्मद हफीज को नया कप्तान बनाना चाहता है। बांग्लादेश ने हाल ही में समाप्त हुई दो टेस्ट मैचों की सीरीज में पाक को 2-0 से हरा दिया था। इसी को देखते हुए पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के सलाहकारों ने टेस्ट टीम में बदलाव की सलाह दी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पीसीबी इस समय यूनिस और ऑलराउंडर हफीज के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। बोर्ड चाहता है कि ये दोनों दिग्गज राष्ट्रीय टीम में मुख्य भूमिकाएं संभालें। यूनिस और हफीज दोनों की ही पीसीबी अधिकारियों के साथ बोर्ड में प्रमुख पदों पर शामिल होने को लेकर बात हुई है, हालांकि, अभी तक चीजों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। वहीं मुख्य कोच सरफ़राज़ खान को हटाकर बोर्ड उन्हें वापस नेशनल अंडर-19 और 'ए' टीमों के प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपना चाहता है पर सरफराज को तभी हटाया जा सकता है जब पीसीबी पूर्व कप्तान यूनिस खान के साथ किसी समझौते पर पहुंच जाएगा। वहीं यूनिस ने पीसीबी में कोई भी पद स्वीकार करने के लिए बेहद कड़ी शर्तें रखी हैं, जिन पर अभी बात चल रही है। वहीं लगातार हार के बाद मसूद की टेस्ट कप्तानी भी जाना तय है। बोर्ड उन्हें कप्तान पद से हटाने पर विचार कर रहा है, लेकिन मसूद ने बोर्ड से कुछ और समय की मांग की है। शान मसूद चाहते हैं कि आगामी वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली विदेशी टेस्ट सीरीज में उन्हें टीम का नेतृत्व करने का एक और मौका दिया जाए। पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच 25 जुलाई से ब्रायन लारा क्रिकेट एकेडमी में खेलना है, जो मसूद के भविष्य के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। दूसरी ओर, मोहम्मद हफीज को मुख्य चयनकर्ता और 'हेड ऑफ इंटरनेशनल क्रिकेट' जैसे बड़े पदों के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है।

## ब्राजील ने चोटिल वेस्ली की जगह अपनी विश्वकप टीम में एडरसन को किया शामिल




ब्रासीलिया। ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने चोटिल डिफेंडर वेस्ली की जगह अपनी विश्वकप टीम में मिडफील्डर एडरसन को शामिल किया है। मिस्र के खिलाफ शनिवार को ब्राजील की 2-1 से मैत्री जीत में खेलने वाले वेस्ली को बाएं पैर की जांघ की मांसपेशी में खिंचाव के कारण बाहर होना पड़ा। बाद में मेडिकल टेस्ट से पुष्टि हुई कि इस चोट के कारण रोमा के विंग-बैक खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो जाएंगे। ब्राजीलियन फुटबॉल परिसंघ (CBF) ने जारी एक बयान में कहा कि वेस्ली 'टीम के बहुत चहेते' हैं और वर्ल्ड कप में न खेल पाने के बावजूद उन्हें टीम की भविष्य की योजनाओं का हिस्सा माना जाएगा। ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने पुष्टि की है कि अंतिम मंजूरी मिलने के बाद अटलांटा के एडरसन को 26 खिलाड़ियों वाली टीम में उनकी जगह बुलाया जाएगा। उम्मीद है कि एडरसन सोमवार को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग कैंप में शामिल होंगे। 26 वर्षीय एडरसन ब्राजील की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के लिए तीन बार सीनियर स्तर पर खेल चुके हैं, जिसमें लगभग दो साल पहले मैक्सिको के खिलाफ एक मैत्री मैच में शुरुआती लाइन-अप में शामिल होना भी शामिल है। वह कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका में होने वाले विश्वकप में खेलने वाले 60 से अधिक सीरी-ए खिलाड़ियों में से एक हैं। ब्राजील अपने विश्व कप ग्रुप सी अभियान की शुरुआत 13 जून को मोरक्को के खिलाफ करेगा, इसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच होंगे।

## फ्लोरेंटिनो पेरेज चुनाव जीते, साल 2030 तक रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट बने रहेंगे

मैड्रिड रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट फ्लोरेंटिनो पेरेज को एक बार फिर चुनावों में जीत हासिल हुई। दो दशक के बाद हुए इन चुनावों के बाद अब वह साल 2030 तक के लिए रियल के प्रेसिडेंट बने रहेंगे। 79 वर्षीय पेरेज को अब अगले चार साल तक क्लब संभालने की जिम्मेदारी मिल गयी है। वहीं क्लब के इलेक्टोरल बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पेरेज को कुल वोटों में से 65 फीसदी हासिल किये। उन्हें 21,741 सोसियोस (क्लब के सदस्य-मालिक) के वोट मिले। वहीं उनके विरोधी 37 वर्षीय रिन्यूएबल एनर्जी एंटरप्रेन्योर एनरिक रिक्वेल्मे को केवल 11,814 वोट ही मिले, जो कुल वोटों का 35 फीसदी था। रियल मैड्रिड के इलेक्टोरल बोर्ड ने 100 फीसदी इन-पर्सन और मेल-इन वोटों की गिनती के बाद घोषणा की कि पेरेज की टीम ने रियल मैड्रिड के प्रेसिडेंट और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के चुनाव जीत लिए हैं। रियल मैड्रिड सिटी बास्केटबॉल पवेलियन में कुल 33,555 सदस्यों ने इन-पर्सन और मेल-इन बैलेट के जरिए मतदान किया। दोबारा चुने जाने के बाद, पेरेज ने अपनी जीत को एक बहुत अच्छा परिणाम बताया। उन्होंने कहा, हम चुनाव जीत गए हैं और खिताब जीतते रहने के लिए काम करते रहेंगे। हमने सभी पोलिंग स्टेशन पर जीत हासिल की है और रियल मैड्रिड के चुनावों के इतिहास में दूसरा सबसे बेहतरीन परिणाम दर्ज किया है। फ्लोरेंटिनो पेरेज की इस जीत के साथ ही रियल मैड्रिड में अब बड़े बदलाव की तैयारी है। उनकी वापसी का मतलब है कि सोमवार को जोस मोरिन्हो को क्लब का नया मैनेजर आधिकारिक रूप से घोषित किया जा सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, मोरिन्हो को टीम में वापस लाने के लिए रियल मैड्रिड पुर्तगाली क्लब बेनफिका को 1.5 करोड़ यूरो (15 मिलियन यूरो) की रिलीज फीस का भुगतान करेगा।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन:सिंधू की निगाह खिताब पर, पुरुष वर्ग में आयुष करेंगे अगुवाई

**सिडनी (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म करने की कोशिश करेंगी, जबकि उभरते सितारे आयुष शेट्टी पुरुष एकल में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू 2024 में सैयद मोदी इंटरनेशनल जीतने के बाद से अपना पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने की कवायद में हैं।

पूर्व विश्व चैंपियन का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचना रहा है। सिंधू को यहां अनुकूल ड्रॉ मिला है। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी का पहला मैच पेरू की इनेस लूसिया कैस्टिलो से होगा। इस मैच में जीत दर्ज करने के बाद उनका सामना हमवतन इशारानी बरुआ और चीन की हान कियान शी के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। सिंधू पिछले सप्ताह इंडोनेशिया ओपन में राउंड-ऑफ-16 में पहुंची थी जहां उन्हें विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हार का सामना करना पड़ा था।

अगर सिंधू सेमीफाइनल तक पहुंचती है तो वहां उनका सामना जापान की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची से हो सकता है। फाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से हो सकता है। महिला एकल ड्रॉ में ही तन्वी शर्मा का सामना चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त चियू पिन-चियान से, जबकि मालविका बंसोड़ का मुकाबला मलेशिया की गोह जिन वेई से होगा।

अनमोल खरब को जापान की पूर्व विश्व चैंपियन और चौथी वरीयता प्राप्त नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। आकर्षी कश्यप का मुकाबला मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से, जबकि तान्या हेमंत का अमेरिका की इशिका जायसवाल से होगा। पुरुष एकल में विश्व के 20वें नंबर के खिलाड़ी और यहां छठी वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी अपना पहला मैच क्वालीफायर के खिलाफ खेलेंगे। एचएस प्रणय का मुकाबला इंडोनेशिया के मोहम्मद जाकी उबा से होगा, जबकि किरण जॉर्ज पहले दौर में मलेशिया के जस्टिन होह का सामना करेंगे।

पुरुष युगल में इंडोनेशिया ओपन में क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले हरिहरन अमसाकरुनन और एमआर अर्जुन को पहले दौर



में चीनी ताइपे के ली फांग-चिह और ली फांग-जेन की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। अच्युतादित्य राव डोड्डावारापू और पोचना अर्जुन रेड्डी का मुकाबला चीन के हुआंग डि और लियू यांग से होगा। महिला युगल के मुख्य ड्रॉ में कोई भी भारतीय जोड़ी भाग नहीं ले रही है। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी हांगकांग के चान यिन चक और एनजी त्स यौ के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी।

